दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। रविवार 22 दिसंबर-2024 | वर्ष : 10 अंक : 2 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## संभल में फिर सर्वे कर रही एएसआई की टीम, पहुंची कल्कि मंदिर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मुस्लिम बहुल इलाके में सनातन के लगातार सबूत मिल रहे हैं। इसके बाद भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण की टीम सर्वे कर रही है। संभल में आज लगातार दूसरे दिन भी सर्वे किया जा रहा है। शनिवार को भी अरककी टीम संभल के कल्कि विष्णु मंदिर पहुंच गई है। अब यहां पर अरककी टीम सर्वे का काम कर रही है। अरक की टीम के साथ प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद हैं।

**कूप के चारों तरफ 5 फीट ऊंची दीवार :** आज सर्वे का काम कृष्ण कूप में किया जाना है, जो कल्कि मंदिर के मेन गेट के पास है। बताया जा रहा है कि ये कृष्ण कूप संभल के जामा मस्जिद के पास से महज 500 मीटर की दूरी पर है। कृष्ण कूप चारों तरफ दीवारों से घिरा हुआ है। इसके चारों तरफ 5 फीट ऊंची दीवार बनी हुई है। इसके साथ ही कूप के अंदर झाड़ियां और गंदगी फैली हुई है।

**साल 2021 में आए थे सीएम योगी :** बता दें कि शुक्रवार को अरककी टीम ने 5 तीर्थ और 19 कूपों यानि कुल 24 जगहों का सर्वे किया था। आज कृष्ण कूप का सर्वेक्षण किया जाएगा। ये कूप संभल में कल्कि मंदिर के पास है। जो बहुत ही प्राचीन है। मंदिर के गेट पर एक बोर्ड लगा हुआ है।

# मेयर ने किया ऐलान नहीं होनें देंगे निगम की जमीन पर कब्जा

# लखनऊ से लौटते ही कराया अवैध दुकान को ध्वस्त









### - घंटाघर टैक्सी स्टैंड के निकट बन रही थी अवैध दुकान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम लगातार अवैध निर्माण करने वालों और नगर निगम को चोट पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। तो जब शिकायत महापौर सुनीता दयाल के पास पहुंचती है तो उन्होंने भी वही एक्शन वाला रूप धारण कर लिया।

बताया जा रहा है कि दो दिन पहले महापौर को सूचना मिली थी कि शहर की पुरानी पहचान घंटाघर टैक्सी स्टैंड पर नगर निगम की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा दुकान बनाकर अवैध निर्माण एवं कब्जा किया जा रहा है। इसकी सूचना महापौर सुनीता दयाल को मिली तो वह लखनऊ जा रही थीं। उन्होंने लखनऊ से लौट के बाद वह शनिवार को मौके पर पहुंची और अतिक्रमण धवस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि नगर निगम की भूमि पर एक इंच भी कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ व कानूनी कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेंगी। शनिवार को जब नगर निगम और महापौर की देखरेख में यह कार्रवाई की जा रही थी, तो इस दौरान मौके पर पार्षद राजीव शर्मा, नीरज गोयल और जोनल प्रभारी सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।

### मेयर की अवैध कब्जा करने वालों को खुली चेतावनी, कहा करूंगी कानूनी कार्रवाई

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने टैक्सी स्टैंड घंटाघर की जमीन पर अतिक्रमण करने के मामले में फिर एक बार तल्ख रुख दिखाया है। उन्होंने अतिक्रमण की कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करवाया और कहा है कि नगर निगम की भूमि पर वह एक इंच का भी कब्जा नहीं होने देगी। जहां पर भी उनको शिकायत मिलेगी अवैध कब्जा करने वालों पर वह कानूनी कार्रवाई भी कराएंगी। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और परवर्तन दस्ते को भी निर्देश दिए हैं कि अवैध निर्माण को लेकर वह किसी भी तरीके के संरक्षण को प्रदान नहीं करें।

### पहले भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ दिखा है मेयर सुनीता दयाल का गुस्सा

करंट क्राइम : शनिवार को घंटाघर टैक्सी स्टैंड पर अतिक्रमण हटाने और अवैध रूप से यहां कब्जा किए जाने के मामले को लेकर मेयर का गुस्सा पहली बार नहीं दिखा है। इससे पहले भी वह अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ विजयनगर से लेकर वसुंधरा, वैशाली से लेकर पटेल नगर और राज नगर से लेकर कैला भट्टा इलाके में अपनी नाराजगी अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रदर्शित कर चुकी हैं। साथ ही उनपर कार्रवाई भी करवा चुकी हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट की गैंगस्टर संजय सूरी पर कड़ी कार्रवाई

### - एसीपी पूनम मिश्रा के नेतृत्व में नंदग्राम पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम एक के बाद एक गैंगस्टर पर बड़ी और कड़ी कार्रवाई कर रही है। पहले देहात जोन पुलिस ने शुक्रवार को मसूरी में कार्रवाई की तो वहीं शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस ने करोड़ों रुपए की इन अभियुक्तों की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को भी कुर्क करने का काम कर रही है। शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी नंदग्राम धर्मपाल सिंह द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त संजय सूरी व ज्योति निवासी पटेल नगर प्रथम सिहानी गेट के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इस दौरान जानकारी दी है कि संजय सूरी के खिलाफ थाना सिहानी गेट में पांच मुकदमें, घंटाघर कोतवाली में पांच, कवि नगर और मधुबन बापूधाम में एक-एक मुकदमा दर्ज है। तो वहीं से अभियुक्त ज्योति पर भी सिहानी गेट में दो कोतवाली घंटा, कवि नगर में एक-एक मामला दर्ज है। पुलिस ने कुल 9 करोड़ 29 लाख 40 हजार रुपए की संपत्ति को शनिवार को कुर्क करने की कार्रवाई की है।

## 9 करोड़ 39 लाख की संपत्ति कुर्क





### लगातार होगी गैंगस्टर्स पर कार्रवाई : डीसीपी सिटी

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि जिस प्रकार से शनिवार को गैंगस्टर संजय सूरी व ज्योति सूरी पर कार्रवाई की गई है, निकट भविष्य में गैंगस्टर्स पर इसी प्रकार कार्रवाई होगी। जीरो टोलरेंस नीति के तहत पुलिस अभियुक्तों पर कार्रवाई करेगी।



### पुलिस ने इन भवनों और सामान पर की है कार्रवाई

करंट क्राइम : एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया है कि पटेल नगर जे ब्लॉक सेक्टर-07 में दो करोड, 50 लाख रुपए का एक प्लॉट जप्त किया गया है। तो वही व्यावसायिक संपत्ति ग्राउंड फ्लोर राइट गंज बस्ती क्षेत्र में कीमत लगभग 70 लाख रुपए व्यावसायिक दुकान, नई बस्ती में 75 लाख रुपए व्यवसायिक संपत्ति राइटगंज में 41 लाख रुपए, आवासीय भवन कवि नगर राज नगर क्षेत्र लगभग तीन करोड़ 50 लाख रुपए के व्यावसायिक भवन, क्रॉसिंग रिपब्लिक में लगभग 75 लाख रुपए कमर्शियल शॉप, क्रॉसिंग रिपब्लिक 30 लाख रुपए, क्रॉसिंग रिपब्लिक में ही अन्य दुकान 38 लाख रुपए और एक टीवीएस जूपिटर 40 हजार रुपये कीमत का सामान पुलिस ने जप्त करते हुए कुर्की की कार्रवाई की है।





### संजय सूरी पर दर्ज है एक दर्जन से अधिक मुकदमे

करंट क्राइम : अभियुक्त संजय सूरी के विरुद्ध पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें मारपीट, धोखाधड़ी करना, फर्जी दस्तावेज तैयार कर दस्तावेजों का दुरुपयोग करना, मादर पदार्थों की तस्करी करना, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, रंगदारी मांगना, लोकसेवक के कार्य में बाधा डालना, सदोष अवरोध करना, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले दर्ज हैं। वहीं ज्योति के खिलाफ भी कई मुकदमें दर्ज हैं।

# भगवा मंडलों में देवतुल्यों के संभावित विरोध से बेखबर है भगवा हाईकमान

### नाराजगी से ज्यादा 2027 के चुनावी रण पर है इस समय पूरा ध्यान

**करंट क्राइम गाजियाबाद।** भाजपा में ताजपोशी का सीजन चल रहा है। मंडलों में चुनाव वाली आम सहमति बन चुकी है। चुनाव अधिकारी सभी की राय लेकर नाम हाईकमान को भेज चुके हैं। कई मंडलों में भगवा दंगलों वाला सीन चल रहा है। अभी बताया ये जाता है कि ये खामोशी तूफान से पहले की है।

कई मंडलों में प्रधान का ऐलान होने के बाद घमासान होना है। सूत्र बताते हैं कि भगवा मंडलों में देवतुल्यों के संभावित दंगलों से भगवा हाईकमान बेखबर है। ऐसा नहीं है कि उन्हें इसकी खबर नहीं है लेकिन वो फिलहाल भाजपा की चुनावी रणनीति पर फोकस कर रहे हैं।

भाजपा हाईकमान के नेता कई बार अपने शब्दों से इस बात को इंगित कर चुके हैं कि मंडलों के चुनाव का भाजपा की राजनीति से कोई कनैक्शन नहीं है। वो बता चुके हैं कि ये सीधे-सीधे 2027 के इलैक्शन के लिए तैयारी है। इसमें बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक जो भी चेहरे चयन किये जायेंगे। उनके दम पर ही भाजपा 2027 के चुनावी रण में आयेगी। सूत्र बताते हैं कि इस बार संभावित घमासान



को लेकर हाईकमान भी तैयार है। उसके पास इस नाराजगी के लिए समायोजन का मूल मंत्र है। जो देवतुल्य मंडल वाली ताजपोशी से रह जायेंगे उन्हें मोर्चों में एडजस्ट किया जायेगा। कईयों पर कृपा का बादल बरसेगा और फिर इस तरह से भाजपा अपने भगवा परिवार के घमासान को यहीं रोक लेगी। वो चुनावी कलेंडर के साथ आ रही है और हाल फिलहाल कोई चुनाव नहीं है। अब जो भी तैयारी होगी वो 2027 के लिए होगी।

जहां तक मंडलों की बात है तो पांच मंडल ऐसे बताये जा रहे हैं जहां अध्यक्ष पद को लेकर आम सहमति नहीं बनी है। यहां पर भले ही ये कहा जा रहा हो कि आम सहमति बन गई है लेकिन यहां आम सहमति नहीं बनी है और यहां घोषणा के बाद थोड़ा बहुत विरोध दिखाई देगा। हालांकि भाजपा ने वरिष्ठ नेताओं को मंडल चुनाव में लगाया है। यहां पर मंडल चुनाव में नियम वाला फिल्टर भी लगाया है। आयु-सीमा रखी गई है। यहां मुद्दा बागी और घर वापसी का उठेगा। जो लोग निगम चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ लड़े थे वो अब मंडल में पद मांग रहे हैं। पार्टी उन्हें बागी ना मानकर उन्हें वापस ले चुकी है। लेकिन मंडल के भाजपाईयों का ये तर्क है कि जो पार्टी विरोधी गतिविधियों में है उसे संगठन का पद नहीं मिलना चाहिए।

# संसद में हुई घटना ने राष्ट्र को शर्मसार किया है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कल संसद परिसर में जो शर्मनाक घटना हुई , उसके लिए कौन दोषी है ? इसमें जो राहुल गांधी और कांग्रेस के समर्थक हैं वे भाजपा को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और अपने विचार के समर्थन में उनके कई तर्क दे रहे हैं। जो भाजपा के समर्थक हैं , वे इसके लिए राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं को जिम्मेदार मानते हैं और उनके अपने कथन के पक्ष में कई तर्क हैं। लेकिन जो इस घटना के बारे में दोनों में से किसी के पक्ष में नहीं हैं , उनके भी अपने विचार हैं। लेकिन एक बात निर्विवाद है कि इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। भारत ही नहीं दुनिया के देशों तक इस घटना का संदेश गया है। जो निश्चय ही अच्छा तो नहीं होगा।

इसमें कौन दोषी है इस पर विचार किए बिना, घटना को देखें तो एक बात निश्चित है कि दोनों पक्षों का आचरण आम आदमी जैसा ही दिखता है। उसमें सांसद की गरिमा, तौर तरीका , समझ और इससे निपटने के लिए वे तरीके अपनाए गए हैं जो आम आम आदमी



**इसमें कौन दोषी है इस पर विचार किए बिना, घटना को देखें तो एक बात निश्चित है कि दोनों पक्षों का आचरण आम आदमी जैसा ही दिखता है। उसमें सांसद की गरिमा, तौर तरीका , समझ और इससे निपटने के लिए वे तरीके अपनाए गए हैं जो आम आम आदमी जैसा करता है।**

**मसला संसद से निकल कर पुलिस स्टेशन तक पहुंच गया। सत्ता पक्ष ने सांसदों ने हत्या का प्रयास के आरोपों से युक्त प्रार्थना पत्र दिया है और विपक्ष ने एस सी एस एक्ट के आरोपों के साथ प्रार्थना पत्र दिया। स्पष्ट है कि आम आदमी की मानसिकता से सांसद भी ऊपर नहीं उठ पाए हैं। एक दूसरे पक्ष को सबक सिखाने की प्रवृति परिलक्षित हो रही है।**

जैसा करता है। देश के सांसदों के गरिमामय आचरण जैसा कुछ नहीं है।कांग्रेस के नेता ने एक आम दबंग की तरह भाजपा के सांसदों से बीच से ही जाने का निर्णय लिया जिसके कारण ये स्थिति बनी। वह प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों के बराबर से भी संसद में जा सकते थे या कुछ देर इंतजार कर सकते थे।लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।घटना के बाद घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करके उस तनाव भरे वातावरण को हल्का कर सकते थे।

मसला संसद से निकल कर पुलिस स्टेशन तक पहुंच गया। सत्ता पक्ष ने सांसदों ने हत्या का प्रयास के आरोपों से युक्त प्रार्थना पत्र दिया है और विपक्ष ने एस सी एस एक्ट के आरोपों के साथ प्रार्थना पत्र दिया। स्पष्ट है कि आम आदमी की मानसिकता से सांसद भी ऊपर नहीं उठ पाए हैं। एक दूसरे पक्ष को सबक सिखाने की प्रवृति परिलक्षित हो रही है।

संसद परिसर की घटना का लोक सभा अध्यक्ष से निपटारा कराने के स्थान पर पुलिस की एंट्री हो गई। ऐसा तभी हुआ है । या संसद / लोकसभा के अध्यक्ष ऐसे मामलों में कोई कार्यवाही करने के लिए सक्षम नहीं है या सांसदों को संसद से मिलने वाले न्याय पर भरोसा नहीं है। इसीलिए मामला पुलिस तक पहुंचा है।

कल की घटना जरूर कुछ गंभीर हो गई । नहीं तो संसद में रोज अवहेलना के मामले हो रहे हैं। सदस्यों का आचरण मयार्दा हीन होता जा रहा है। विचारों की असहमति निजी ईर्षा में बदल गई है।

अगर संसदीय गरिमा के इस अवमूल्यन को नहीं रोका गया तो एक स्टेज पर पहुंचकर संसद गरिमा विहीन हो जाएगी। तब पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

# लापता सात वर्षीय बच्चे की तलाश जारी
# नौसेना ने नौका हादसे की जांच शुरू की

**मुंबइ :** मुंबई में हुए नौका हादसे में लापता सात साल के बच्चे की अभी भी तलाश जारी है। नौसेना की नौकाओं ने शनिवार को भी तलाशी अभियान जारी रखा। एक अधिकारी ने बताया कि ये तलाशी अभियान शनिवार शाम तक जारी रहेगा। गुरुवार शाम को हादसे में लापता 43 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हो गया था, जिसके बाद हादसे में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया। बीती 18 दिसंबर को हुई दुर्घटना मुंबई के बंदरगाह क्षेत्र में हुई सबसे घातक दुर्घटनाओं में से एक मानी जा रही है।



### हादसे में 14 लोगों की गई जान

दरअसल नौसेना की एक नौका के पर्यटकों को लेकर जा रही फेरी नौका से टकराने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। दोनों नौकाओं पर सवार 113 लोगों में से 14 की मौत हो गई और दो घायलों सहित 98 लोगों को बचा लिया गया। नौसेना ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना की नौका पर छह लोग सवार थे, जिनमें से दो को बचा लिया गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब इंजन परीक्षण के दौर से गुजर रही नौसेना की तेज रफ्तार नाव ने नियंत्रण खो दिया और मुंबई तट के पास यात्री नौका 'नील कमल' से टकरा गई।

**लापता लोगों की तलाश के लिए नौसेना का एक हेलीकॉप्टर और नौसेना और तटरक्षक बल की नौकाएं तैनात हैं और लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।**

### क्षमता से अधिक भरी हुई थी नौका

100 से अधिक यात्रियों को लेकर यह नौका गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही थी। एलीफेंटा एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राचीन गुफाओं के संग्रह के लिए प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) द्वारा जारी दस्तावेजों के अनुसार, नाव में 84 यात्रियों और चालक दल के 6 सदस्यों को ले जाने की अनुमति थी, लेकिन नौका क्षमता से अधिक भरी हुई थी। दुर्घटना की जांच कर रहे एमएमबी ने अंतर्देशीय पोत अधिनियम का उल्लंघन करने के लिए नौका का लाइसेंस रद्द कर दिया है। नौसेना की नाव के चालक के खिलाफ भी मामला दर्ज पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलाबा पुलिस स्टेशन में नौसेना के नाव चालक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया।

## लापता व्यक्ति के मामले में जांच समिति पर हाईकोर्ट सख्त

**नई दिल्ली ।** मणिपुर हाईकोर्ट ने लैशराम कमलबाबू सिंह के लापता होने के संबंध में गठित जांच समिति को हर दो सप्ताह में एक बार मामले पर आगे की रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई



करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति गोलमेई गाइफुलशिलु काबुई की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग में सैन्य शिविर से लापता हुए कमलबाबू की जांच चल रही है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज प्राप्त हो गए हैं और उन्हें आगे की जांच के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

## कुवैत पहुंचे पीएम मोदी, भारतीय मूल के लोगों से की मुलाकात

**नई दिल्ली ।** कुवैत पहुंचने पर पीएम मोदी ने क्या कहा पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है और यह यात्रा निसंदेह विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कुवैत दोस्ती को मजतबूत करेगी। मैं आज और कल के लिए तय कार्यक्रमों का इंतजार कर रहा है।

पीएम मोदी के दौरे पर प्रवासी भारतीयों ने जताई खुशी एक भारतीय प्रवासी महिला ने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए खुश मिलकर भारतीय समुदाय के लोग बेहद खुश दिखाई दिए। कुवैत पहुंचे पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर कुवैत पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। कुवैत का सबसे बड़ा प्रवासी समूह हैं भारतीय समुदाय के लोग

कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो वहां का सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। ये समुदाय कुवैत की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देता है। कुवैत के स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग



हैं। वह एक दूरदर्शी नेता हैं। वहीं, प्रवासी भारतीय समुदाय के एक और सदस्य ने कहा, सभी भारतीय नागरिक कुवैत में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए खुश हैं। पीएम मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के आमंत्री पर दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने 101 वर्षीय पूर्व आईएफएस अधिकारी से की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 101 वर्षीय पूर्व आईएफएस अधिकारी मंगल सैन हांडा से कुवैत में मुलाकात की। उनके बेटे दिलीप हांडा ने कहा, यह जीवनभर का अनुभव है। पीएम मोदी ने कहा कि वह खासतौर पर यहां उनसे (उनके पिता) मिलने यहां आए हैं। हम पीएम मोदी के आभारी हैं।

प्रधानमंत्री ने कुवैत सिटी में भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। हाथों में तिरंगा थामे भारतीय मूल के लोगों का उत्साह भी इस दौरान देखने लायक रहा। प्रधानमंत्री से जैसे क्षेत्रों में भारतीयों की अहम भूमिका है। कुवैत की आजादी को मान्यता देने वाले शुरूआती देशों में भारत भी शामिल भारत और कुवैत के बीच राजनयिक संबंध 1961 में स्थापित हुए थे। कुवैत की आजादी को सबसे पहले मान्यता देने वाले देशों में भारत भी एक था। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार और सांस्कृतिक क्षेत्रों में लंबे समय से सहयोग रहा है। कुवैत भारत के लिए तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और 1961 तक भारतीय रुपया कुवैत में चलन में था। पश्चिम एशियाई देशों पर मोदी सरकार का विशेष फोकस पीएम मोदी की सरकार में पश्चिम एशिया पर खासा फोकस किया गया है। प्रधानमंत्री के कुवैत दौरे को भी उसी नीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी अब तक 13 बार विभिन्न अरब देशों की यात्राएं कर चुके हैं, जिनमें यूएई, कतर, सऊदी अरब, ओमान और बहरीन शामिल हैं।

## तमिलनाडु में मूर्ति चोरी से जुड़े 41 एफआईआर गायब होने से हैरान, अदालत ने सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में मूर्ति चोरी के मामलों में 41 एफआईआर फाइलों का गायब होना चौंकाने वाला है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु सरकार के गृह विभाग के सचिव को हलफनामा दाखिल करने और सरकार का रुख स्पष्ट करने के लिए 31 जनवरी, 2025 तक का समय दिया है।

पीठ ने सुनवाई के दौरान उन्हें ऑनलाइन उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है। अदालत ने पाया कि 41 फाइलों में से 27 का पता लगा लिया गया है और 11 मामलों में नई एफआईआर दर्ज की गई हैं। पीठ ने कहा, जिस क्षण आप नई एफआईआर



दर्ज करते हैं, यह आरोपी के बचाव का एक तरीका बन जाता है। नई एफआईआर कैसे दर्ज की जा सकती है। याचिकाकर्ता का तर्क याचिकाकर्ता एलीफेंट जी राजेंद्रन की ओर से पेश वकील जी एस मणि ने कहा कि चोरी कई साल पहले हुई थी। इसमें शामिल मूर्तियों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 300 करोड़ रुपये से अधिक है। इन मामलों में कोई प्रगति नहीं हुई है। यह सरासर लापरवाही है।

बता दें कि शीर्ष अदालत ने फरवरी, 2023 में राज्य के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती आयुक्त और मूर्ति चोरी विंग का नेतृत्व करने वाले अतिरिक्त डीजीपी को नोटिस जारी किया था।

राजेंद्रन ने फाइलों के गायब होने की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की है और आरोप लगाया है कि यह वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, नौकरशाही और मूर्ति माफिया के बीच एक गंभीर साजिश का नतीजा है।

## सुरक्षा बलों ने नाकाम की बड़ी आतंकी साजिश, पूर्वोत्तर को अलग करने का था प्लान, निशाने पर थी 'चिकन नेक'

**कोलकाता ।** आतंकवादी संगठन अंसार अल इस्लाम बांग्लादेश के आठ सदस्य पश्चिम बंगाल को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले चिकन नेक को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन आठ सदस्यों को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि वे कई हमलों को अंजाम देकर कॉरिडोर में अस्थिरता पैदा करना चाहते थे। पेन-ड्राइव और दस्तावेज बरामद पश्चिम बंगाल पुलिस ने संगठन के दो सदस्यों के पास से पेन-ड्राइव और दस्तावेज बरामद किए। एडीजी सुप्रतिम सरकार ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, ये दोनों बंगाल, केरल और असम पुलिस द्वारा पकड़े गए आठ लोगों के समूह का हिस्सा थे।



पूछताछ में मालूम चला कि ये सभी चिकेन नेक को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। चिकेन नेक को सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी कहा जाता है। यह एकमात्र ऐसा कॉरिडोर है जो पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ता है। पूर्वोत्तर राज्यों में अस्थिरता पैदा करने का लक्ष्य एजीडी ने बताया कि राज्य पुलिस को संगठन के एक स्लीपर सेल के बारे में सूचना मिली थी।

# भारत और चीन में ईवी से बढ़ सकता है 20 फीसदी तक प्रदूषण, सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन नया संकट

**नई दिल्ली ।** शोधकताओं का दावा शोधकताओं का कहना है कि सल्फर डाइऑक्साइड के बढ़ते उत्सर्जन का सबसे भारी हिस्सा निकल और कोबाल्ट के शोधन और निर्माण से पैदा होगा। यह पदार्थ इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरियों के लिए जरूरी खनिज हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में कई प्रयास यातायात और बिजली के क्षेत्रों से उत्सर्जन को कम करने पर आधारित हैं।

लेकिन यहां इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रभाव वाहन के टेल-पाइप उत्सर्जन या बिजली तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह पूरी आपूर्ति श्रृंखला के बारे में भी है। भले ही चीन और भारत जैसे देश बैटरी निर्माण को आउटसोर्स यानी किसी अन्य देश में बनवाएं, लेकिन सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन को



कम किए बगैर इस समस्या को केवल दूसरे देश पर डाला जा सकता है।

शोधकर्ता कहते हैं कि यदि किसी भी स्वच्छ ऊर्जा तकनीक की गहराई से खोज की जाए तो इसमें चुनौतियां और समझौते दोनों करने पड़ते हैं। इन समझौतों और चुनौतियों का सामना करते हुए प्रदूषण को यथासंभव कम करने के लिए तेजी से काम करना चाहिए। हम कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए कई अहम तकनीकों के बारे में जानते हैं, लेकिन लागू उन्हें करना होगा जिसके परिणाम अच्छे हों और लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। वैकल्पिक बैटरी केमिकल विज्ञान के विकास पर जोर देना जरूरी शोधकताओं का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को दुनियाभर में आपूर्ति के नजरिए से देखना जरूरी है। भले ही भारत घरेलू आपूर्ति श्रृंखला बनाने के बजाय उन्हें कहीं और से आयात करने का फैसला करे लेकिन प्रदूषण खत्म नहीं होगा। बैटरियों के निर्माण में प्रक्रिया आधारित एसओ2 उत्सर्जन से बचने के लिए वैकल्पिक बैटरी केमिकल विज्ञान के विकास का भी सुझाव दिया गया है।

**चीन और भारत अगर इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति घरेलू स्तर पर परिपूर्ण कर लेते हैं तो राष्ट्रीय स्तर पर सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ2) का उत्सर्जन वर्तमान स्तरों से 20 फीसदी तक बढ़ जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों के लिए जरूरी खनिजों को सुधारने और उनके निर्माण केंद्रों के पास प्रदूषण हॉटस्पॉट बनने के आसार हैं। यह बात प्रिंसटन विवि के शोधकताओं के नेतृत्व में किए गए एक शोध में उजागर की गई है**

## पहाड़ों में बारिश, पंजाब समेत इन राज्यों में चलेगी शीतलहर

**नई दिल्ली ।** देश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं पंजाब, राजस्थान समेत कई राज्यों में शीतलहर चलने का पूवार्नुमान जताया गया है।



### पहाड़ों पर हल्की बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में न्यूनतम तापमान 4-8 डिग्री सेल्सियस रहा। बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश में सर्दी से थोड़ी राहत रही और यहां न्यूनतम तापमान 8-12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस पंजाब के आदमपुर में दर्ज किया गया। वहीं पहाड़ों पर न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री से लेकर माइनस तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अभी ऐसे ही सताएगी ठंड मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं आएगा। मध्य भारत के इलाकों में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी।

## पूर्वी रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने रद्द की 60 उपनगरी ट्रेनें

**कोलकाता ।** पूर्वी रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने 60 उपनगरी ट्रेनें रद्द कर दी हैं। जिसके चलते हावड़ा के आसपास के जिलों के यात्रियों को परेशानी का समना करना पड़ सकता है। रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, फ्लाईओवर के निर्माण के कारण शनिवार से अगले साल 1 फरवरी तक प्रतिदिन 30 जोड़ी उपनगरीय ट्रेनें रद्द रहेंगी।

पूर्वी रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हावड़ा और लिलुआ स्टेशनों के बीच पुराने बनारस रोड ओवरब्रिज की जगह अत्याधुनिक बो-स्ट्रिंग गर्डर ब्रिज के निर्माण के कारण सेवाओं को रद्द, डायवर्ट और पुनर्निर्धारित किया जाएगा। हावड़ा डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) संजीव कुमार ने बताया कि रद्द की गई ट्रेनों में 15 जोड़ी हावड़ा-बंडेल-हावड़ा लोकल, 11 जोड़ी



हावड़ा-शेओराफुली-हावड़ा लोकल, दो जोड़ी हावड़ा-बेलूर मठ-हावड़ा लोकल और दो जोड़ी हावड़ा-श्रीरामपुर-हावड़ा लोकल शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस दौरान कई एक्सप्रेस ट्रेनों की आवाजाही नियंत्रित रहेगी। जिससे इन ट्रेनों के पहुंचने में 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक की देरी होगी। कुमार ने बताया कि इन ट्रेनों में 12370 देहरादून-हावड़ा कुंभा एक्सप्रेस, 12328 देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस, 15272 मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस, 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस और रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस शामिल होंगी।

## महाराष्ट्र: गढ़चिरौली में माओवादियों को बड़ा झटका 6 लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली ।** महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को बताया कि गढ़चिरौली जिले में 8 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों पर हत्या, लूट, अपहरण समेत कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस की ओर जारी जानकारी में मुताबिक, गढ़चिरौली निवासी रामासु पोयम उर्फ नरसिंह (55) और पड़ोसी छत्तीसगढ़ के नारायणपुर निवासी रमेश कुंजाम उर्फ गोविंद (25) ने शुक्रवार को गढ़चिरौली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि 6 लाख रुपये के इनाम वाले पोयम को 1992 में टिपागढ़ एलओएस के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया था और वह 2010 से कुतुल और नेलनार एलओएस में क्षेत्र समिति




सदस्य (एसीएम) के रूप में कार्यरत था।

पुलिस ने बताया कि, पोयम के नाम 12 मामले दर्ज हैं, जिनमें छह मुठभेड़, पांच हत्याएं और डकैती का एक अपराध शामिल हैं। कुंजाम, जिस पर 2 लाख रुपये का इनाम था। 2019 में संगठन में सदस्य के रूप में शामिल हुआ था। उसे 2020 में चेतना नाट्य मंच (सीएनएम) के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया और 2021 में वह कुतुल एलओएस का सदस्य बन गया।

माओवादी गतिविधियों के खिलाफ गढ़चिरौली पुलिस की आक्रामक कार्रवाई के कारण दोनों ने आत्मसमर्पण किया है। उनके परिवार के सदस्यों ने भी उनके साथियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें हथियार डालने के लिए राजी किया। केंद्र और महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित पुनर्वास के लिए इन लोगों को 4.5-4.5 लाख रुपये मिलेंगे।

गढ़चिरौली पुलिस ने कहा कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण-सह-पुनर्वास नीति से प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के बड़ी संख्या में सदस्य आकर्षित हो रहे हैं और अब तक 680 सक्रिय माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इस साल अब तक 20 कट्टर माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने आश्वासन दिया है कि आत्मसमर्पण करने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के इच्छुक लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। रविवार 22 दिसंबर - 2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों दिल्ली में निवास कर रहे हैं। लोकसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है और अतुल गर्ग दिल्ली प्रदेश के भाजपा चुनाव सह प्रभारी भी हैं। सांसद अतुल गर्ग के दिल्ली स्थित आवास पर रामपुर की पूर्व सांसद तथा फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा पहुंची। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी का गृहमंत्री अमित शाह के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

## सड़क से लेकर कलेक्ट्रेट तक दिखाई दिया जोश और नाराजगी

### - लंबे समय बाद दिखाई दी सपाइयों में विरोध प्रदर्शन में ताकत







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान रचयिता भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजनीतिक दलों का विरोध-प्रदर्शन खत्म नहीं हो रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को समाजवादी पार्टी जिला गाजियाबाद की जिला और महानगर कमेटी के साथ ही सपा के कई अलग-अलग विंग के नेताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए पार्टी कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई, तो वहीं अमित शाह की सदस्यता खत्म करने और जनता से माफी मांगने के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया। यह पत्र राष्ट्रपति के नाम संबोधित किया गया है। समाजवादी पार्टी के कई नए और पुराने नेता इस प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपों कार्यक्रम में नजर आए हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट फैसल हुसैन ने कहा है कि जिस तरीके से अमित शाह को लेकर भारतीय जनता पार्टी बचाव कर रही है वह ठीक नहीं है। तो वहीं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा है कि अमित शाह द्वारा जिस तरीके से बाबा साहब का अपमान किया गया है इस समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी और लगातार इस पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा जाएगा।

### महिला व युवा विंग के साथ पूर्व पार्षद भी रहे मौजूद



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी द्वारा गाजियाबाद में लंबे समय द्वारा जोरदार प्रदर्शन का नजारा प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष युवजन सभा, पूर्व पार्षद आसिफ चौधरी, धर्मवीर डबास, संतोष यादव, राजन कश्यप, मनोज पंडित, जीतू शर्मा, मोहित कौशिक, अमन यादव, रमेश चंद यादव एडवोकेट, प्रवेश बसोया प्रमुख, असलम कुरैशी, किरण कालिया ,हाजी परवेज चौधरी, बलराज कसाना, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शहर विशाल वर्मा, शहीम अंजुम, राज देवी चौधरी, मधु चौधरी, संजीव चौधरी और मोहित कौशिक सहित बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

### झंडे, टोपी और पोस्ट के साथ पहुंचे थे सपाई

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने एक दिन पूर्व ही शनिवार को प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन, आंदोलन और विरोध कार्यक्रम करने की घोषणा की थी। तो शनिवार को समाजवादी पार्टी जिला और महानगर अध्यक्ष की कमेटी प्रदर्शन करने के लिए जिला मुख्यालय पहुंची थीं। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अमित शाह और मोदी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर सपा के नेता अपनी टोपी, सपाई झंडे और बाबा साहब के पोस्टरों को लेकर पहुंचे थे।



वहीं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया और राष्ट्रपति से मांग की गई है कि जिस तरीके की टिप्पणी की गई है, इस मामले को लेकर अमित शाह जनता से माफी मांगे। साथ ही गृहमंत्री को मंत्रिमंडल से अति शीघ्र हटाया जाए।

# एयर पोल्यूशन के लिए निगम ने ढूंढा सोल्यूशन

## जनसहभागिता के साथ नगर निगम का एक्शन

### वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जन सहभागिता जरूरी : विक्रमादित्य सिंह मलिक

### वसुंधरा और मोहन नगर में चला अभियान





नगर निगम की टीमें कर रहें हैं हर जोन में जाकर निरीक्षण और धूल उड़ाने वालों निर्माण सामग्री विक्रेताओं से वसूला जा रहा है मौके पर ही जुर्माना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा भी खुले में निर्माण सामग्री विक्रय करने वालों पर अभियान चलाया है वसुंधरा जोन अंतर्गत सेक्टर 10 वसुंधरा में 19000 का जुर्माना वसूला गया तथा खुले में बिक रही निर्माण सामग्री को हटाया गया, मोहन नगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 37 शालीमार गार्डन विक्रम एनक्लेव में अभियान चलाते हुए 4000 का जुमार्ना वसूला गया इसी के साथ-साथ अन्य जोन में भी खुले में निर्माण सामग्री का विक्रय ना हो विशेष ध्यान देते हुए संबंधित दुकानदारों को चेतावनी भी दी है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए लगातार कार्य चल रहा है जिसमें सभी विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं निरंतर पानी का छिड़काव वायु गुणवत्ता सुधार के लिए बेहद जरूरी है जिसमें नगर आयुक्त द्वारा जन-जन से अपने घरों के आसपास तथा प्रतिष्ठानों के आसपास सुबह शाम को पानी का छिड़काव करने के लिए अपील भी की गई है, ग्रैप के नियमों का पालन हो तथा किसी प्रकार का निर्माण ना हो जन-जन को गाजियाबाद नगर निगम जागरुक कर रहा है निर्माण विभाग को खुले में निर्माण सामग्री बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं साथ ही शहर में निजी चल रहे निर्माण कार्यों को रुकवाने के लिए भी कहा गया है।

गाजियाबाद नगर निगम एयर क्वालिटी इंडेक्स को सुधारने में जुटा हुआ है जिसकी क्रम में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है साथ ही पानी का छिड़काव भी निरंतर गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है किसी प्रकार का निर्माण शहर में ना हो विशेष ध्यान रखा जा रहा है जन सहभागिता से वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निरंतर गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग प्रयासरत हैं।

# गाजियाबाद के 31 केंद्रों पर आज 13,920 अभ्यर्थी देंगे यूपीपीएससी की परीक्षा





### - दो पारियों में होगी यूपीपीएससी की परीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा होनी है। परीक्षा का आयोजन दो पारियों में होगा। जहां गाजियाबाद में 31 सेंटर्स पर कुल 13,920 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्र तक सभी समय से पहुंचे और परेशान ना हों, इसके लिए नमो भारत ट्रेन के संचालन समय में बदलाव करते हुए रविवार को इसे सुबह 6 बजे से संचालित किया जा रहा है। वैसे यह सुबह 8 बजे से चालू होती है। बता दें कि यूपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दो पारियों में होगी। जिसमें पहली पारी सुबह 9:30 बजे से और दूसरी ढाई बजे से शुरू होगी। परीक्षा दो-दो घंटे की होगी। परीक्षा को शांतिपूर्वक और बिना किसी रूकावट के संपन्न करने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तो वहीं पुलिस बल को भी सुरक्षा और नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए तैनात किया गया। इसके साथ ही पुलिस बल को रिर्जव में भी रखा गया है।

### जोनल मजिस्ट्रेट से लेकर पुलिस बल रहेगा तैनात

### परीक्षा के चलते सुबह 6 बजे से संचालित होगी नमो भारत ट्रेन

### समय से पहुंचे अभ्यार्थी, चलाई गई हैं बसें और नमो भारत ट्रेन



करंट क्राइम : रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा है। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए नमो भारत ट्रेन का संचालन सुबह 6 :00 बजे से किया गया है। तो वहीं यूपी रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक ने बताया कि परीक्षा के लिए अभ्यथियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए विशेष तैयारी की गई है। सभी रूट पर जरूरत के हिसाब से बसों को संचालन किया गया है। वहीं बस संचालन को हर स्टॉप पर बस रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही रोडवेज की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। तो वहीं नमो भारत स्टेशन के आसपास जहां पर भी सेंटर हैं, उसकी भी जानकारी दी गई है।

### हर केंद्र पर तैनात रहेगा पुलिस बल : डीसीपी सिटी





करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार में प्रांतीय सिविल सेवा पीसीएस प्रेलिम्स परीक्षा को शांतिपूर्वक और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस बल को ब्रीफ किया गया है। जिसमें डीसीपी सिटी ने जानकारी दी है कि सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया गया है कि वह किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ लेकर ना आएं। इसके साथ ही प्रत्येक केंद्र पर इंस्पेक्टर्स, एक एसीपी और सब इंस्पेक्टर और पुलिस बल निगरानी रखने का काम करेंगे। इसके साथ ही शीर्ष अधिकारी भ्रमणशील रहेंगे। वहीं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक के अलावा कोई भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को मिले दो नए एसीपी, जल्द बदले जाएंगे कई सर्किल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस मुख्यालय लखनऊ से चार एसीपी स्तर के अधिकारियों की तबादला लिस्ट शुक्रवार को जारी की गई थी। शुक्रवार देर रात जारी की गई इस तबादला लिस्ट में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को दो नए एसीपी स्तर के अधिकारी मिल गए हैं। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक जनपद पीलीभीत उपासना पांडे को सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। तो वहीं अतुल कुमार सिंह कंपनी कमांडर 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के आदेश जारी किए गए हैं। शुक्रवार को इस आदेश को जारी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों ही एसीपी स्तर के अधिकारी सोमवार तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपनी आमद करवा लेंगे। इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव की संभावना जताई जा रही।

### हो रही है चर्चा किसको मिलेगा सिटी और कौन जाएगा नदिया पार

करंट क्राइम : शनिवार से ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा होने लगी है। नदिया पार में एक एसीपी की जो सीट खाली है, वहां किसको भेजा जाएगा। इसके साथ ही सिटी जोन के लिए किस एसीपी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी इसकी भी चर्चा सुनाई दे रही है। फिलहाल यहां कोई सर्कल खाली नहीं है, पर सूत्र बता रहे हैं कि एक सर्किल में बदलाव होने वाला है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट देहात जोन को लेकर भी कुछ बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बता रहे हैं कि अगले दो से चार दिनों के भीतर एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हो जाएगा। एसीपी वाली लिस्ट इसी साल में जारी होने वाली बताई जा रही है।

## संपादकीय

# वाटर टूरिज्म में सुरक्षा

मुंबई में इस हफ्ते नौसेना की एक स्पीड बोट और एक यात्री फेरी के बीच हुई टक्कर में 14 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद जब नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने घटनास्थल का दौरा करने और हादसे की पड़ताल करने का निश्चय किया तब मुझे याद आया कि कैसे कुछ पेशों में सुरक्षा हमेशा से सबसे ज्यादा मायने रखती है।

पता चला है कि घटना स्थल का उनका दौरा सुरक्षा व स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स (एसओपी) के क्रियान्वयन संबंधी मुद्दों को फिर से रेखांकित करने के लिए है। अपने कामकाज से जुड़ी विभिन्न रोड ट्रिप के दौरान मैंने देखा है कि सशस्त्र बलों के ट्रक देश की किसी भी सड़क पर 40 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से नहीं चलते हैं, क्योंकि उनके लिए सुरक्षा सर्वोपरि चिंता का विषय है। इसका उनके प्रशिक्षण और ड्राइवरों को निपुण बनाने से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन वे बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि दुर्घटनाएं दूसरों की गलती से भी होती हैं, जो सार्वजनिक रास्तों का उपयोग करते हैं। जल परिवहन में सुरक्षा दो कारणों से और भी अधिक सख्त होनी चाहिए। एक तो यह है कि दुर्घटना की स्थिति में पानी के बीच में बचाव टीम को भेजने में लगने वाला समय स्पष्ट रूप से महत्वपूर्ण है। वास्तव में, जितनी बड़ी वॉटर बॉडी होगी, उतनी ही ज्यादा कठिनाई होगी।

दूसरा, साल 2027 तक लगभग 4 करोड़ यात्रियों के लग्जरी क्रूज सेवाओं से जल परिवहन की उम्मीद है, जो 2023 में 3.1 करोड़ से थोड़ा-सा अधिक है। क्रूज लाइन इंटरनेशनल एसोसिएशन (सीएलआईए) ने संकेत दिया है कि दुनिया भर में अधिकतर युवा अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा यात्रा पर खर्च कर रहे हैं और जल मार्ग के जरिए यात्रा इसमें सबसे ऊपर है।

57 देशों में 94 क्रूज से यात्रा कर चुकी क्रूज गुरु ब्लॉगर डायन टायरनी के अनुसार क्रूज पर अकेले यात्रा करना कुल यात्रा का कम से कम 20 प्रतिशत है। इन क्रूज पर ज्यादा से ज्यादा सिंगल केबिन बनाने का सीधा अर्थ सिंगल ट्रैवलर्स की बढ़ती संख्या का संकेत है।

यात्री समुद्र का 360 डिग्री दृश्य का आनंद ले सकें, इसके लिए जहाज एक ऐसा डिजाइन बना रहे हैं, जो फनल (इंजन, एग्जॉस्ट और भाप का निकास) को शिप के बीच में रखने के बजाय एक तरफ रखता है। सिर्फ 2025 में 13 महासागरीय क्रूज शिप लॉन्च होने वाले हैं ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

जहाजों पर, अधिक शानदार थ्रिल राइड्स जैसे रोलर कोस्टर, रोबोटिक हाथ और विशाल झूलों को जोड़ा जा रहा है जो सवारों को समुद्र से 50 मीटर ऊपर लटकाते हैं। क्रूज अनोखी आइटनरी बना रहे हैं, जो अंटार्कटिका, आइसलैंड और ग्रीनलैंड जैसे ठंडे स्थलों को कवर करते हैं।

सीएलआईए के आंकड़े दिखाते हैं कि 2019 से 2023 के बीच असामान्य स्थलों और लंबे प्रवास को चुनने वाले लोगों में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अलास्का और नॉर्वेजियन फजॉर्ड्स जैसे कई प्रकृति केंद्रित स्थलों ने जो शानदार दृश्य और निकटवर्ती वन्यजीवों के अनुभव प्रदान करते हैं, युवाओं की पसंद बन गए हैं।

यह 2025 में अधिक लोकप्रिय क्यों होगा? क्रूज यात्रा की धारणाओं को फिर से आकार देने में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, खासकर मिलेनियल्स और जेन जी के बीच। क्रूज पर शादी करना अभी शुरू हुआ है। यह भारतीय शादी बाजार के लिए अगला बड़ा डेस्टिनेशन वेडिंग होगा।

इस सप्ताह मुंबई के समुद्र में हुआ दुर्भाग्यपूर्ण हादसा इस बढ़ते हुए उद्योग पर एक दाग है और इस उद्योग में काम करने वाले लोगों को (मालिक या कर्मचारी) कानूनों का सख्ती से पालन करना चाहिए, जिसमें छोटी से छोटी बोट में सेफ्टी जैकेट पहनना अनिवार्य बनाने जैसे छोटे कदम हो सकते हैं। दुर्भाग्यवश, ऐसे बुनियादी नियमों का पालन हमेशा नजरअंदाज किया जाता है, जब तक कि ऐसी कोई दुर्घटना हमें झकझोर नहीं देती, लेकिन जिसे 24 घंटे के भीतर भुला दिया जाता है।

फंडा यह है कि समुद्री परिवहन व्यवसाय में कोई भी लापरवाह रवैया इस उद्योग की पूरी धारणा को प्रभावित करेगा, जो 2025 से कई गुना बढ़ने वाला है। यदि आप उस उद्योग में हैं, तो पहले सुरक्षा को महत्व दें।

# क्रिसमस से पहले शेयर बाजार में मंदी
## बैलेंस निवेश रणनीति अपनाने का सही समय



**मुंबई, 21 दिसंबर।** वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच इस हफ्ते भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में 5 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसके लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कटौती के लिए सतर्कता बरतना भी एक बड़ा कारण रहा। इसके परिणामस्वरूप विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा लगातार बिकवाली की गई। इस सप्ताह पांच में से तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में 1,000 से अधिक अंकों की गिरावट आई और बीएसई में लिस्टेड फर्मों से लगभग 17 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण खत्म हो गया।

बाजार के जानकारों के अनुसार, यह इक्विटी बाजारों के लिए एक बेहद खराब सप्ताह रहा, क्योंकि प्रमुख सूचकांकों में तेज गिरावट आई, जिससे पिछले चार हफ्तों की बढ़त खत्म हो गई। एंजेल वन के ओशो कृष्णन ने कहा, ₹बेंचमार्क सूचकांक में इस गिरावट के साथ पिछले सप्ताह के बंद आंकड़े से लगभग 1,200 अंक नीचे आ गया। परिणामस्वरूप, यह सप्ताह 200 सरल मूविंग एवरेज (एसएमए) से नीचे समाप्त हुआ, जो लगभग 5 प्रतिशत की कुल हानि को दशार्ता है। निफ्टी50 में तेज गिरावट देखी गई, सूचकांक ने सभी समर्थन स्तरों को तोड़ दिया। इस नीचे की ओर गति ने सूचकांक को अपने सबसे हालिया स्विंग लो के करीब पहुंचा दिया है, जो बाजार में अस्थिरता का संकेत देता है।₹ कृष्णन ने आगे कहा, ₹तकनीकी दृष्टिकोण से, निफ्टी सूचकांक 200 एसएमए के महत्वपूर्ण क्षेत्र से नीचे फिसल गया, इसलिए अगला संभावित समर्थन हाल ही में 23,200-23,100 के आसपास के स्विंग लो के आसपास देखा जा सकता है।₹

कमजोर वैश्विक संकेतों नीचे गिरे, लेकिन इसके बाद की बिकवाली ने क्रिसमस से पहले बाजार को बियर के साथ लाल रंग में रंग दिया। शुक्रवार को सेंसेक्स 1,176.46 अंक या 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,041.59 पर बंद हुआ और निफ्टी 364.20 अंक या 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,587.50 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 816.50 अंक या 1.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,759.20 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,649.50 अंक या 2.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार के अंत में 56,906.75 पर बंद हुआ। सेक्टोरल फ्रंट पर निफ्टी के ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटी और पीएसई सेक्टर में बिकवाली देखी गई।

हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि उचित जोखिम प्रबंधन के साथ बाजारों में प्रवेश करें और फिलहाल लापरवाही से दांव लगाने से बचें। कैपिटलमाइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पाला ने कहा, ₹इस सतर्क माहौल के बीच, हम नए जमाने की, प्लेटफॉर्म-आधारित प्रौद्योगिकी कंपनियों पर तेजी का नजरिया बनाए रखते हैं।₹ बाजार जानकारों ने कहा कि एक बैलेंस्ड निवेश रणनीति जो लार्ज कैप की स्थिरता और फेयर वैल्यूएशन को लाभ से जोड़ेगी साथ ही घरेलू-केंद्रित टेक कंपनियों को भू-राजनीतिक और नीतिगत जोखिमों को मैनेज करने के साथ विकास क्षमता को बनाए रखने का दृष्टिकोण प्रदान करेगी।

# भारत में बायोटेक स्टार्टअप 10 वर्षों में 50 से बढ़कर 9,000 हो गए : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली, 21 दिसंबर।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के अनुसार, भारत में 2014 में केवल 50 बायोटेक स्टार्टअप थे जो पिछले दशक में बढ़कर लगभग 9,000 हो गए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में, केंद्रीय मंत्री ने इस वृद्धि का श्रेय पिछले 10 वर्षों में जैव-अर्थव्यवस्था में शानदार वृद्धि को दिया, जो कि 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 130 बिलियन डॉलर से अधिक की हो गई। जैव-अर्थव्यवस्था उद्योग के 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ₹प्रदूषण, जलवायु चुनौतियों आदि के खतरे के साथ, इस सरकार ने स्थिरता को प्राथमिकता दी है। यह लगभग 10-15 साल पहले के समय के बिल्कुल विपरीत है, जब भारत को जलवायु या हरित चिंताओं जैसे मुद्दों के रूप में बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता था, क्योंकि उन्हें लगता था कि या तो भारत इससे अलग है या शायद हम इसकी गंभीरता को नहीं समझते हैं।₹

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ₹प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन चुनौतियों₹ के निरंतर खतरे के बीच सरकार के लिए ₹स्थिरता₹ उच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य पर भी प्रकाश डाला, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में सीओपी-26 में घोषणा की थी। केंद्रीय मंत्री सिंह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने स्थिरता की दिशा में कई पहल की हैं।

# एसआईपी में शुद्ध प्रवाह 233 फीसदी बढ़ा, म्यूचुअल फंड में 135 प्रतिशत की वृद्धि




**मुंबई, 21 दिसंबर।** भारत में एसआईपी में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में शुद्ध प्रवाह 233 फीसदी (सालाना आधार) बढ़ा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था कठिन भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद लचीली बनी हुई है। आईसीआरए एनालिटिक्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जनवरी से नवंबर तक कुल शुद्ध प्रवाह 9.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि 2023 में यह 2.74 लाख करोड़ रुपये था, जो 233 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। नवंबर के अंत में रजिस्टर्ड नए एसआईपी की संख्या बढ़कर 49.47 लाख हो गई, जबकि नवंबर 2023 में यह 30.80 लाख थी।

रिपोर्ट के अनुसार, एसआईपी एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) नवंबर में 13.54 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि 2023 में यह 9.31 लाख करोड़ रुपये था। भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री ने पिछले एक साल में शुद्ध प्रवाह में 135 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि और शुद्ध एयूएम (प्रबंधन के तहत संपत्ति) में लगभग 39 प्रतिशत की वृद्धि देखी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले वर्षों में उद्योग में कई गुना वृद्धि होने की संभावना है क्योंकि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक अच्छी स्थिति में है।

## राशिफल

**मेष:** बेकार का तनाव और चिंताएँ जिंदगी का रस निचोड़कर आपको पूरी तरह चूस सकती हैं। भलाई इसी में है कि इन आदतों को छोड़ दें।

**वृष:** आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी हो सकती है। कोई जरूरी काम पूरा होने से आप खुश रहेंगे। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज पढ़ाई लिखाई में तरक्की होगी। आपकी लीडरशिप क्वालिटी आपके करियर को बेहतर बनाने में फायदेमंद साबित होगी।

**कर्क:** अचानक यात्रा करना थकावट भरा साबित होगा। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। संपत्ति को लेकर विवाद खड़े हो सकते हैं।

**सिंह:** आज किसी काम को पूरा करने में ज्यादा समय लग सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। ज्यादा भागदौड़ से आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

**कन्या:** योग और अध्यात्मिक क्षेत्र के लोगों के लिए दिन बढिया रहेगा। विदेश यात्रा की संभावना रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। आज आप नई योजना बनाएंगे।

**तुला:** इच्छाशक्ति की कमी भावनात्मक और मानसिक परेशानियों में फँसा सकती है। खर्चों में इजाफा होगा, साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी संतुलित कर देगी।

**वृश्चिक:** आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। आप माता-पिता के साथ मंदिर जा सकते हैं। आपको काम से जुड़ी परेशानियां से छुटकारा मिलेगा।

**धनु:** आज आपकी बौद्धिक क्षमताएँ आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। खुशी पाने के लिए अपने जज्बातों का खुलकर इजहार करें।

**मकर:** जो धुंध चारों तरफ छायी हुई है और प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी।

**कुंभ:** अगर आप नौकरी में ट्रांसफर के लिये कई दिनों से परेशान हैं, तो आज आपकी परेशानी खत्म हो सकती है। परिवार में खुशी बनी रहेगी।

**मीन:** आज सामाजिक स्तर पर वृद्धि होगी। रुपए-पैसे के मामले में अच्छी स्थिति रहेगी। मेहनत और लगन से काम करेंगे तो सफलता मिल सकती है।

## चुटकुले

पप्पू एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया।
महिला वेटर - सर क्या लेंगे?
पप्पू - आपका नंबर
फिर क्या, खाना भी नहीं मिला और ऊपर से पप्पू की हो गई जोरदार कुटाई।

---

एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया। बस स्टैंड पर किताब देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया।
20 रुपये की इस किताब का नाम था...
30 दिन में डॉक्टर कैसे बने।

---

डाकू - हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
बंटू - कोई बात नहीं, आपलोग शरीफ आदमी लगते हो,
आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।

# 55वीं जीएसटी काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दर में कटौती का टाला फैसला



**नई दिल्ली/जैसलमेर, 21 दिसंबर।** जीएसटी काउंसिल ने शनिवार को लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर दर में कटौती का फैसला टाल दिया है। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी कटौती उद्योगों की लंबे समय से पेंडिंग चल रही मांग है, क्योंकि इस कदम से बीमाकताओं और पॉलिसीधारकों दोनों पर कर का बोझ कम होगा।

जानकारों के अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जैसलमेर में अपनी 55वीं बैठक में जीएसटी काउंसिल ने इंश्योरेंस प्रीमियम के लिए संभावित कर परिवर्तनों पर फैसला टाल दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह (जीओएम) के अधिकांश पैनल सदस्यों ने हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम पर ₹पूर्ण छूट₹ की वकालत की थी, कुछ पैनल सदस्यों ने दर को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव दिया। सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, ₹कुछ सदस्यों ने कहा कि अधिक चर्चा की आवश्यकता है। जनवरी में जीओएम की फिर से बैठक होगी।₹

जीओएम ने टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का सुझाव दिया। हेल्थ इंश्योरेंस कवर के लिए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का भी प्रस्ताव किया गया।

वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए, 5 लाख रुपये तक की पॉलिसी को कवर करने वाले हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर छूट की सिफारिश की गई। हालांकि, 5 लाख रुपये से अधिक कवरेज वाली पॉलिसियों पर मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी दर लागू रहेगी। जीएसटी काउंसिल अपनी अगली बैठक में सिफारिशों पर आगे विचार-विमर्श करेगी, क्योंकि कुछ और तकनीकी पहलुओं को सुलझाया जाना है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।

## करंट क्राइम
### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
### 22 12 2024 आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# दैनिक करंट क्राइम को 10वें वर्ष में प्रवेश की बधाइयों का लगा तांता, पाठकों का मिला अपार स्नेह

**अनिल स्वामी**
पूर्व पार्षद, वरिष्ठ भाजपा नेता
हार्दिक शुभकामनाएँ करंट क्राइम समाचार पत्र पढ़ना दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। यदि किसी कारण से प्रात:काल में नहीं पढ सकें तो ऐसा लगता है जैसे कुछ छूट गया है और जब तक पढ ना लें चैन नहीं आता है।

**राजीव कुमार शर्मा**
मानव अधिकार पक्षकार
करंट क्राइम समाचार पत्र के 10 वे स्थापना दिवस पर आपको एवं समस्त करंट क्राइम परिवार को ढेर सारी शुभकामनाए । ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि करंट क्राइम समाचार पत्र एवं करंट क्राइम परिवार भविष्य में भी यूं ही पाठकों की आवाज बनकर दुनिया में भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त करे ।

**विकास माथुर**
सबसे लोकप्रिय अखबार दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वे स्थापना दिवस पर आदरणीय दीपक भाटी जी एवं दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**सुचीत गिरि**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। पत्रकारिता की दुनिया में एक नया आयाम स्थापित करने के लिए बहुत बहुत बधाई। करंट क्राइम इसी प्रकार जनहित में कार्य करता रहे।

**गौरव श्रीवास्तव**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वर्ष में प्रवेश करने पर आदरणीय मनोज गुप्ता जी आदरणीय दीपक भाटी जी आदरणीय सुभाष शर्मा जी एवं दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

**कपिल मैहरा**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने पर आदरणीय मनोज गुप्ता जी आदरणीय दीपक भाटी जी आदरणीय सुभाष शर्मा जी एवं दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**रोहित सिंह नेन**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र प्रत्येक वर्ग और समाज का लोकप्रिय अखबार बन गया है। दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को शुभकामनाएं। आप नित नए आयाम स्थापित करते रहें, यही ईश्वर से दुआ है।

**मन्नु ठाकुर**
यह अखबार अपनी बात को निष्पक्ष तरीके से रखता है। यह अपनी खबरों को लेकर हमेशा चर्चा में रहता है। लोग करंट क्राइम की खबरों पर विश्वास करते हैं। करंट क्राइम के दसवें स्थापना दिवस पर मेरी शुभकामनाएं।

**विजय धामा**
करंट क्राइम को 10 वे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

**केशव सक्सेना**
आपको बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। दस नहीं

**अनुराग तोमर**
आपको आपके पूरी टीम को बहुत बहुत शुभकामनाएं बधाई

**अंकित त्यागी**
दैनिक करंट क्राइम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**विकास शर्मा**
बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

**मज्जू चौधरी**
दैनिक करंट क्राइम की पूरी टीम को बहुत बहुत शुभकामनायें

**विनय कुमार**
दैनिक करंट क्राइम की पूरी टीम को हार्दिक बधाई

**हिन्दू किंग सुमित**
दस साल, बेमिसाल, अनंत शुभकामनायें

**आशु अब्बाशी**
करंट क्राइम अखबार के दसवें वर्ष में प्रवेश करने पर संपादक पत्रकार समस्त टीम को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। ईश्वर से कामना करता हूं कि पत्रकारिता की दुनिया में करंट क्राइम अखबार नित नए आयाम स्थापित करता रहे। एक बार पुन: बधाई।

**संजय**
दैनिक करंट क्राइम अखबार को हमारी तरफ से आप सभी को बहुत बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं भगवान भोलेनाथ आप को बुलन्दियो पर ले जाएं। ईश्वर से कामना करता हूं कि पत्रकारिता की दुनिया में करंट क्राइम अखबार नित नए आयाम स्थापित करता रहे।

**निखिल प्रजापति**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने पर आदरणीय मनोज गुप्ता जी आदरणीय दीपक भाटी जी आदरणीय सुभाष शर्मा जी एवं दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**रमित गोयल**
गाजियाबाद के लोकप्रिय हिंदी न्यूज पेपर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक बड़े भाई दीपक भाटी जी एवं समस्त पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं 10 वर्ष में प्रवेश करने पर बधाई। आप नित नए आयाम स्थापित करते रहें, यही ईश्वर से दुआ है।

**मनोज कुमार बोहरा**
करंट क्राइम अखबार के दसवें वर्ष में प्रवेश करने पर संपादक पत्रकार समस्त टीम को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। आप नित नए आयाम स्थापित करते रहें, यही ईश्वर से दुआ है।

**रोहित शर्मा**
करंट टाइम दैनिक अखबार के 10वीं वर्ष में प्रवेश करने पर अखबार के सभी कार्यकर्ता बंधुओं को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आप नित नए आयाम स्थापित करते रहें, यही ईश्वर से दुआ है। पत्रकारिता में आपकी खबरों की ताजगी अलग ही होती है।

हिमांशु शर्मा
दैनिक करंट क्राइम अखबार के दसवें वर्ष में प्रवेश करने पर संपादक पत्रकार समस्त टीम को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। करंट क्राइम समाचार पत्र एवं करंट क्राइम परिवार भविष्य में भी ऐसे ही खबरें प्रकाशित करता रहे।

राशिद अलि रिपोर्टर
गाजियाबाद के लोकप्रिय हिंदी न्यूज पेपर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक बड़े भाई दीपक भाटी जी एवं समस्त पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं 10 वर्ष पूरे होने पर बधाई। करंट क्राइम इसी प्रकार जनहित में कार्य करता रहे।

**राहुल पंड़ित**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वर्ष मे प्रवेश करने पर आदरणीय मनोज गुप्ता जी आदरणीय दीपक भाटी जी आदरणीय सुभाष शर्मा जी एवं दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक बधाई।

**जगमोहन सिंह**
दैनिक करंट क्राइम स्थापना दिवस पर मेरी ओर से पूरी टीम को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र प्रत्येक वर्ग और समाज का लोकप्रिय अखबार बन गया है। दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को शुभकामनाएं।

**बृज गौतम**
हर सच को बड़े ईमानदारी से उजागर करता गाजियाबाद में नंबर 1 अखबार दैनिक करंट क्राइम और पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। अखबार की सभी खबरें सच्ची सटीक होती हैं आगे भी यह अखबार इसी तरह से अपनी खबरों को सच्चाई व निर्भीकता से प्रकाशित करता रहे और तरक्की करता रहे।

**रिजवान खान मीर**
आपके संघर्ष को सलाम दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने पर दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। ईश्वर से कामना करता हूं कि पत्रकारिता की दुनिया में करंट क्राइम अखबार नित नए आयाम स्थापित करता रहे।

**प्रदीप जादौन**
गाजियाबाद का सबसे लोकप्रिय अखबार करंट क्राइम को 10 वे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि करंट क्राइम समाचार पत्र एवं करंट क्राइम परिवार भविष्य में भी यूं ही पाठकों की आवाज बनकर दुनिया में भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त करे ।

**विनित शर्मा**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वे वर्ष में प्रवेश करने पर आदरणीय मनोज गुप्ता जी आदरणीय दीपक भाटी जी एवं दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**पंडित मुकश शर्मा**
करंट क्राइम समाचार पत्र को एक दशक पुरा करने पर हार्दिक शुभकामनायें मनोज गुप्ता जी दीपक भाटी जी सुभाष शर्मा जी एवम समस्त करंट क्राइम परिवार को हार्दिक बधाई। यह समाचार पत्र प्रत्येक वर्ग और समाज का लोकप्रिय अखबार बन गया है।

**महिपाल सिंह रावत**
दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सफलतम 10 वर्ष में प्रवेश करने पर दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं। अखबार अपनी समस्त खबरों को बड़े ही रोचक ढंग से प्रकाशित करता है खबरें सटीक और सच्ची होती हैं।

**विरेश कुमार नागर**
दैनिक करंट क्राइम अखबार को हमारी तरफ से आप सभी को बहुत बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं भगवान भोलेनाथ आप को बुलन्दियो पर ले जाएं। यह अखबार सभी मापदंडों पर खरा उतर रहा है दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के दसवें स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**सिंह भक्ति**
मेरी दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की समस्त टीम को शुभकामनाएं। इन वर्षों में दैनिक करंट क्राइम अखबार ने अपनी कड़ी मेहनत और सच्चाई से एक ऊंचा मुकाम हासिल किया है। मेरा विश्वास है कि अखबार की सभी टीम इसी तरह से काम करके करंट क्राइम अखबार को हिंदुस्तान का नंबर वन अखबार बनाएगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी यह अखबार काफी आगे बढ़ रहा है। अखबार सभी प्रकार के मुद्दों को प्रकाशित करता रहा है। आज यह अखबार जन-जन का लोकप्रिय अखबार बन गया है। मेरी करंट क्राइम की समस्त टीम को शुभकामनाएं।

**निधि विश्वकर्मा**
दैनिक करंट क्राइम अखबार बहुत ही खूबसूरत और इंद्रधनुषी अखबार है.....जिसमे सभी प्रकार की खबरें बेहद ही सुंदर तरीके से हम तक पहुंचाई जाती है.....जैसे कई प्रकार के मसाले डालने पर एक स्वादिष्ट सब्जी बनती हैं उसी प्रकार कई प्रकार की खबरों को अलग अलग अंदाज में रखने से खबरें भी मजेदार हो जाती है। पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं।

**हनन कुरैशी**
दैनिक करंट क्राइम अखबार ने 10 साल में बहुत अच्छा नाम कमाया बड़े भाई हुडा वीर जी बहुत मेहनत करते हैं दैनिक करंट क्राइम अखबार पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**संजीव वाल्मिकि**
बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। अखबार की सभी खबरें सच्ची सटीक होती हैं आगे भी यह अखबार इसी तरह से अपनी खबरों को सच्चाई व निर्भीकता से प्रकाशित करता रहे और तरक्की करता रहे।

**तुषार मित्तल**
पत्रकारिता के नित नए आयामो को प्राप्त कर लोगो को सच्ची खबरों से अवगत कराकर ,लोगो में अखबारों के प्रति विश्वास जगाने वाले समाचार पत्र करंट क्राइम को १० वे वर्ष में प्रवेश करने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं ।

## ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने अमेरिका से लगाई गुहार, विश्व रैपिड चैंपियनशिप के लिए वीजा देने की मांग



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के लिए अमेरिका ने अब तक वीजा जारी नहीं किया है और उन्होंने इसके लिए अमेरिका से गुहार लगाई है। यह चैंपियनशिप 26 से 31 दिसंबर तक न्यूयॉर्क में होने जा रही है। चैंपियनशिप में एक सप्ताह से भी कम समय बाकी होने के कारण अर्जुन ने अमेरिकी दूतावास गुहार लगाई है कि उन्हें जल्द से जल्द वीजा जारी किया जाए, जिससे वह इस चैंपियनशिप में खेल सकें।

विश्व नंबर चार अर्जुन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) से भी उन्हें वीजा जारी कराने के लिए मदद की गुहार लगाई है। चैंपियनशिप में पूर्व विश्व चैंपियन और विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन, विश्व नंबर तीन फैबियानो कारुआना, इयन नेपोमनियाच्ची और बोरिस गेलफेंड सहित लगभग 300 शतरंज खिलाड़ी भाग लेंगे।

### एरिगेसी ने हाल ही में हासिल की थी 2800 ईएलओ रेटिंग

अर्जुन ने सोशल मीडिया पर अमेरिका दूतावास को संबोधित किया कि उन्होंने अपना पासपोर्ट वीजा के लिए दिया हुआ है, लेकिन यह अभी तक उनके पास नहीं पहुंचा है। एरिगेसी हाल में 2800 की ईएलओ रेटिंग हासिल करने वाले दिग्गज विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय और दुनिया भर में 16वें खिलाड़ी बने थे।

## सुरुचि का राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में दबदबा



**नई दिल्ली।** हरियाणा की युवा निशानेबाज सुरुचि ने शुक्रवार को 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम किया और देश के प्रसिद्ध निशानेबाजों के बीच 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक जीते। सुरुचि ने कर्णी सिंह रेंज में सीनियर, जूनियर और यूथ तीनों वर्गों में स्वर्ण पर निशाना साधा। यह वही इवेंट है, जिसमें मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीता था। ओलंपियन रिदम सांगवान को पीछे छोड़ा झज्जर की सुरुचि क्वालिफाइंग दौर में 585 का स्कोर कर शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंचीं।

## भारतीय बैडमिंटन के लिए निराशाजनक रहा यह साल, पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटे थे खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट टीम के लिए साल 2024 जहां अच्छा रहा, वहीं भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को निराशा मिली। पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इस स्पर्धा में खिलाड़ी एक भी पदक हासिल नहीं कर सके थे। यहां तक कि 2016 रियो ओलंपिक और टोक्यो 2020 में पदक जीतने वाली महिला एकल खिलाड़ी पीवी सिंधू भी पदक नहीं जीत सकी थीं, जबकि पुरुष एकल में लक्ष्य सेन कांस्य पदक हासिल करने से चूक गए थे।

### सात्विक-चिराग ने छोड़ी अमिट छाप

सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने हालांकि भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी, लेकिन यह भारतीय जोड़ी भी पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटी। सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी। लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया



पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इस स्पर्धा में खिलाड़ी एक भी पदक हासिल नहीं कर सके थे।

था। एशियाई खेलों के चैंपियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत किया। यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रही, लेकिन आठ साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया।

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा। उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किए और महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बंगलूरु चली गईं। लेकिन उनका टूनार्मेंट के शुरूआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ। वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टर फाइनल में मिली हार से खत्म हो गया। हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं।

### ओलंपिक पदक से चूके थे लक्ष्य

लक्ष्य सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा। वह पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए उम्मीद की किरण थे। साल की शुरूआत में फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियंस के सेमीफाइनल तक के सफर ने उनकी खराब फॉर्म से वापसी कराई और पहले ओलंपिक पदक के सपने को जगा दिया। हालांकि, वह ओलंपिक में कांस्य पदक मैच में हार गए, लेकिन उन्होंने सैयद मोदी इंटरनेशनल में खिताबी जीत से सत्र का समापन किया।

## भारत करेगा आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी

**नई दिल्ली।** भारत को अगले साल के जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। भोपाल में 2023 में सीनियर विश्व कप और इस साल की शुरूआत में सत्र के अंत में हुए विश्व कप फाइनल के बाद यह हाल के दिनों में देश का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जिससे दुनिया में खेल के शीर्ष स्थलों में से एक के रूप में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत होगी।

हालांकि टूनार्मेंट की तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। एनआरएआई द्वारा आईएसएसएफ से आधिकारिक पुष्टि प्राप्त करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण



सिंह देव ने कहा, पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद करने के तरीके की प्रशंसा की थी।

उन्होंने कहा, हमें तब इसका अहसास हुआ था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरूआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद जल्द उनके साथ इसे साझा करेंगे ताकि सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।

इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं।

# हापुड़ जिले में समाधान दिवस में सुनी समस्याएं : तीनों तहसीलो में 71 शिकायतें आई, 9 का मौके पर निस्तारण

● सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए : डीएम हापुड़



**हापुड़, करंट क्राइम।** जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जहां हापुड़ तहसील में डीएम प्रेरणा शर्मा ने लोगों की समस्या सुनी और अधिकारियों गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

हापुड़ जिले में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई और 5 का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम के निर्देशांनुसार और मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए, डीएम ने तहसील दिवस में भूमि से संबंधित शिकायतों को लेकर हापुड़ एसडीएम को टीम गठित कर मौके पर जांच कराकर समस्या का निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि भूमि पर कब्जे को लेकर जो भी शिकायतें मिल हो रही है उसमें संबंधित लेखपाल और तहसीलदार स्वयं मौके पर जाकर समस्या की जांच करें। इसके साथ ही गढ़ तहसील में एडीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ, जिसमें 27 शिकायतें प्राप्त हुई। वहीं धौलाना तहसील में सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें में 19 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 का निस्तारण किया गया। इस मौके पर हापुड़ एसडीएम, हापुड़ तहसीलदार और जिले के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मंदिर का बनाया फर्जी ट्रस्ट, गुलमोहर एंक्लेव में बने मन्दिर की जमीन पर अवैध रूप से कराया रजिस्ट्रेशन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सोसायटी में बने मन्दिर की जमीन पर अवैध रूप से ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन करवाने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है। इस मामले में डीएम को शिकायती पत्र भेजा गया है। साथ ही पूरे मामले में जांच की मांग की गई है। जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक भूमि पर बने मंदिर को कुछ लोग कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं।

## सार्वजनिक जमीन पर बना है मंदिर

राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में एक और धांधली का मामला सामने आया है। सोसायटी के ही कुछ लोगों ने सोसायटी के सार्वजनिक स्थान पर बने श्री शिव बालाजी धाम मंदिर पर श्री शिव बालाजी धाम मन्दिर न्यास ट्रस्ट के नाम से एक अवैध ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन करवा लिया।

इस बारे में सोसायटी के लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र




भेजकर श्री शिव बालाजी धाम मंदिर न्यास ट्रस्ट के लेटर हेड में अंकित चार पदाधिकारियों पर अवैध रूप से ट्रस्ट रजिस्टर्ड करवाने का आरोप लगाया है।

शिकायती पत्र भेजने वालों में अश्विनी, गौरव बंसल, रामसरन, प्रतीक ढींगरा, किंशुक बंसल व आरके गर्ग ने गुलमोहर एनक्लेव की जमीन पर बने इस अवैध ट्रस्ट व इसके पदाधिकारियों की जांच की मांग भी शिकायती पत्र में की है। साथ ही उन्होंने ट्रस्ट की आड़ में अवैध धन को वैध रूप देने व ट्रस्ट के नाम पर चंदे के नाम पर धन एकत्रित करने की आशंका का आरोप भी लगाया है।

### हापुड़ में एडीजी ने की समीक्षा बैठक

# अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तेजी से चलाया जाए अभियान : एडीजी डीके ठाकुर

**हापुड़, करंट क्राइम।** मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने मेरठ रोड स्थित पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ वार्षिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तेजी से अभियान चलाया जाए। वहीं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

एडीजी ने समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इनामी और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जाए। महिलाओं की समस्याओं को लेकर पुलिस प्रमुखता से कार्य करें।समय-समय पर बीट सिस्टम की समीक्षा की जाए, संबंधित पुलिस अधिकारी हर मामले की समीक्षा करें। अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले अपराधियों की पूरी जानकारी रखें। मुकदमों में अपराधियों



को कोर्ट से कठोर से कठोर सजा दिलाने तक की भरपूर पैरवी पुलिस की तरफ से की जाए और लंबित विवेचनाओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए।

वहीं उन्होंने कहा कि थानों में महिला हेल्पलाइन डेस्क पर निरंतर महिला पुलिसकर्मियों को तैनाती सुनिश्चित हो। चोरी, लूट, हत्या, डकैती और अन्य वारदातों का जल्द से जल्द पदार्फाश किया जाए। इस दौरान बैठक में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर, डीएसपी जितेंद्र शर्मा, डीएसपी स्तुति सिंह, डीएसपी अनीता चौहान, जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर भूखंड पर कब्जे का प्रयास

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी की लालबाग कॉलोनी के रहने वाले प्रियांश गुप्ता ने दर्ज रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि मुस्तफाबाद कॉलोनी में उसका फिरदौस मस्जिद के पास खसरा नंबर 811 में 130 वर्ग गज का भूखंड खाली पड़ा हुआ है जिस पर महबूब अपने साथियों के साथ न्यू मुस्तफाबाद लोनी ने फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर भूखंड पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि प्रियांश गुप्ता की तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा भू माफियाओं की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहन चोर गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को तीन चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस पुस्ता हाईवे पर वाहन चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान बाइक पर सवार दो व्यक्ति आए पुलिस ने उन्हें चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भगाने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने मुस्तैदी के साथ कुछ ही दूरी पर दोनों को धर दबोचा। पूछताछ करने पर दोनो शातिर वाहन चोर निकले तथा तीन चोरी की मोटरसाइकिलें अलग-अलग स्थानों से बरामद करवाईं। कड़ी पूछताछ में चोरों ने अपने नाम कमल कुमार, निशांत निवासी आर के पुरम दिल्ली बताया। चोरों ने बताया कि मोटरसाइकिलें दिल्ली से चुराई थीं और इनको सस्ते दामों में बेचकर मौज-मस्ती करते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वाहन चोरों को जेल भेज दिया है।

### फरार चल रहा दुष्कर्मी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी पुलिस ने फरार चल रहा दुष्कर्मी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सूर्यवली मौर्य बताया कि 10 सितंबर को वादिया की तहरीर के अनुसार उसकी नाबालिक पुत्री को भगा ले जाने के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस टीम वादियां की पुत्री को बरामद करने की फिराक में थी कि 20 दिसंबर को पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया। 21 दिसंबर को पुलिस ने दुष्कर्मी भी गिरफ्तार कर लिया तथा मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी कर पास्को के तहत दुष्कर्मी को जेल भेज दिया गया है। दुष्कर्मी का नाम पप्पू पुत्र वकील है तथा बिहार का रहने वाला है।

# 1200 निराश्रित गोवंशों को संरक्षण: 3.67 करोड़ में बनेंगे 3 गो संरक्षण केंद्र, सहभागिता योजना को कम प्रचार मिला




### गोशालाओं की कमी से खेतों को नुकसान

जिले में करीब 10 और गोशालाओं की आवश्यकता है। तीन नए संरक्षण केंद्रों में प्रत्येक में 400 गोवंशों को रखने की क्षमता होगी। खासतौर पर सिंभावली और धौलाना क्षेत्र में गोवंश की संख्या अधिक होने से खेतों को नुकसान हो रहा है।

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ जिले की सड़कों पर घूम रहे करीब 1200 निराश्रित गोवंशों को जल्द संरक्षण मिलेगा। जिले की दो तहसीलों में तीन गो संरक्षण केंद्र बनाए जाएंगे। इस कार्य पर करीब 3.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण कार्य के लिए शासन ने टेंडर जारी कर दिया है, जिसे एक साल के भीतर पूरा करना होगा।

ये गो संरक्षण केंद्र उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा बनाए जाएंगे। गढ़मुक्तेश्वर के गांव हिम्मतपुर और हिंडालपुर में 1.22 करोड़-1.22 करोड़ रुपये की लागत से, जबकि धौलाना के गांव पारपा में भी 1.22 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण होगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू किया जाएगा।

निर्माण कार्य के लिए एक साल की समय सीमा तय की गई है। किसी भी तरह की लापरवाही मिलने पर भुगतान रोकने और कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्य समय पर पूरा हो। अभी जिले में सरकारी स्तर पर 36 गोशालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें 3800 गोवंश संरक्षित हैं। हाल ही में पशुपालन विभाग ने कार्रवाई करते हुए पिछले दो दिनों में 87 गोवंश पकड़े हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत, पशुपालकों को प्रति गोवंश 1500 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। योजना के अंतर्गत अभी तक 490 किसानों को धनराशि दी गई है। हालांकि, योजना का प्रचार-प्रसार कम होने से गोवंश संरक्षण में चुनौतियां बनी हुई हैं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि तीन वृहद गो संरक्षण केंद्र बनने से किसानों और आमजन की समस्याएं खत्म होंगी। गोवंशों के लिए संरक्षण केंद्र होना बेहद जरूरी है, जिससे उन्हें सुरक्षित रखा जा सके और सड़कों व खेतों में उनकी मौजूदगी से होने वाले नुकसान रोके जा सकें।

# पुलिस लिखी क्रेटा में घूम रहा था गैंगस्टर घेराबंदी की गई तो कार छोड़कर भागा

**मेरठ, करंट क्राइम।** मेरठ में गैंगस्टर बदमाश अमित मरिंडा पुलिस लिखी क्रेटा कार में खुलेआम घूमकर पुलिस को चुनौती दे रहा था। सूचना मिलने पर मेडिकल और नौचंदी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सरायकाजी में उसकी घेराबंदी शुरू कर दी। जिसके बाद वह कार को एक खाली प्लाट में छोड़कर फरार हो गया।

मेडिकल पुलिस ने उसकी कार को कब्जे में लेकर कार को सीज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर का रहने वाला गैंगस्टर अमित मरिंडा हाल ही में जेल से छूटकर आया है। एसएसपी ने अमित मरिंडा के खिलाफ मेडिकल और नौचंदी थाना पुलिस को सख्त से सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। एसएसपी ने डी 155 गैंग को रजिस्टर्ड करते हुए गैंग का सरगना



अमित मरिंडा को घोषित किया था। पुलिस ने मरिंडा पर 25 हजार का इनाम कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। जिसके बाद मरिंडा ने फिल्मी स्टाइल में कोर्ट पहुंचा और बुरखे में कोर्ट आत्मसमर्पण कर दिया। जज ने उसे जेल भेज दिया था।

शुक्रवार को नौचंदी और मेडिकल पुलिस को अमित मरिंडा की पुलिस लिखी क्रेटा कार में जाने की सूचना मिली जिसके बाद मेडिकल और नौचंदी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसकी घेराबंदी कर दी। शातिर मरिंडा पुलिस की घेराबंदी को देखकर अपनी कार सरायकाजी स्थित एक खाली प्लॉट में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी कार को कब्जे में लेकर थाने ले आई और कार को सीजकर मरिंडा की तलाश शुरू कर दी।

शास्त्रीनगर के रहने गैंगस्टर अमित मरिंडा दो दर्जन से ज्यादा लूट रंगदारी हत्या गैंगरेप के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मरिंडा पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ है। मरिंडा की क्रेटा कार नौचंदी थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग में भी मौके पर थी। इसके बाद से पुलिस को उसकी तलाश है। आरोपी गैंगस्टर ने पुलिस से बचने के लिए अपनी कार पर पुलिस का निशान लगाया हुआ है। और वह खुलेआम अपनी सफेद रंग की क्रेटा कार में घूमकर पुलिस को चुनौती दे रहा है।

# साहिबाबाद रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग को मारा था, अब पुलिस लेगी खबर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दो दिन पहले वायरल हुए वीडियो पर पुलिस ने संज्ञान ले लिया है। यह वीडियो साहिबाबाद रेलवे स्टेशन टिकट घर के सामने का था। वीडियो में एक बुजुर्ग टिकट घर के बाहर जैसे- तैसे कंबल में लिपटकर खुद को बचा रहे थे, लेकिन उधर पहुंचे दो सफाई कर्मियों को यह नागवार गुजरा और डंडे से बुजुर्ग को काफी देर तक मारते रहे। आसपास मौजूद एक महिला ने उनकी यह हरकत मोबाइल में कैद कर ली। एक मिनट, 10 सेकंड का यह वीडियो बुजुर्ग पर हुए अत्याचार की कहानी बयां करने के लिए काफी था।

## साहिबाबाद थाना पुलिस कर रही जांच

एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। वीडियो में बुजुर्ग को डंडे से मार रहे दोनों लोग सफाई कर्मचारी हैं। उनसे पूछताछ की गई है। सफाई कर्मियों को कहना है कि टिकट घर के बाहर बुजुर्ग नग्न हालत में कंबल ओढ़े लेटा हुआ था। पास में ही शौच पड़ी हुई थी, सफाई के लिए बुजुर्ग को हटाने के प्रयास में बुजुर्ग को डंडे से छुआ भर था।



### बुजुर्ग से मारपीट का मामला गंभीर

एसीपी साहिबाबाद का कहना है कि सर्दी के मौसम में बुजुर्ग को इस हाल में डंडे से मारने के मामला गंभीर है। हो सकता है बुजुर्ग की सर्दी के चलते तबियत खराब रही हो। वीडियो में साफ दिख रहा है कि बुजुर्ग के साथ अमानवीयता हुई है। बुजुर्गों के मामले में सरकार संवेदनशील है। बुजुर्ग को खोजा जा रहा है, जांच पूरी कर मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नवजात बच्ची का शव कूड़े में मिला, अब जांच में जुटी पुलिस




**नोएडा, करंट क्राइम।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र स्थित रजत विहार सोसाइटी के बाहर एक नवजात बच्ची का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि यह घटना लोक-लज्जा के डर से की गई प्रतीत होती है। लोगों का कहना है कि बच्ची की मां ने सामाजिक बदनामी से बचने के लिए उसे जन्म के तुरंत बाद कूड़े में फेंक दिया होगा। ठंड की वजह से नवजात की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बच्ची के माता-पिता और दोषियों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता को घर से निकाला




**हापुड़, करंट क्राइम।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता से दहेज लोभीयों ने 50 लाख रुपये की मांग की है। मांग पूरी न करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसको जमकर पीटा और घर से निकाल दिया। जिसके बाद विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

दरअसल, विवाहिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि 28 जनवरी 2023 को उनकी शादी गाजियाबाद के वसुंधरा के एक युवक के साथ हुई थी। परिजनों ने हैसियत के हिसाब से शादी में लगभग 35 से 40 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी की पहली रात ही पति ने उनसे दहेज में 50 लाख रुपये की मांग की। आरोप है अगली सुबह सास ने भी विवाहिता 5 लाख रुपये की मांग की और मांग पूरी न होने पर तलाक कराने की धमकी दी। 2 फरवरी को वह अपने मायके आ गई। 18 मार्च 2023 को पति अनुज वर्मा, सास बीना वर्मा, जेठ शिवा वर्मा और जेठानी प्रिया वर्मा उनके मायके आए। इस दौरान आरोपियों ने उनके पिता से दहेज में 5 लाख रुपये की मांग कर चले गए। 18 मार्च को पति उन्हें लेने मायके आया, इस दौरान उनके पिता ने पति को 5 लाख रुपये नकद दिए। ससुराल पहुंचने पर आरोपी फिर से दहेज में 50 लाख रुपये की मांग करने लगे। उनके परिजनों के बार-बार समझाने पर भी आरोपी मांग पर अड़े रहे। मांग पूरी न करने पर आरोपियों ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। सदर डीएसपी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विवाहिता की तहरीर के आधार पर पति समेत 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।




## किस पर दिखाया जाएगा भरोसा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आने वाले दिनों में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। बीते दिनों कमिश्नरेट के लिए चार एसीपी की डिमांड भेजी गई थी तो, शनिवार को मिली एक लिस्ट में एसीपी स्तर के चार नाम शामिल थे, इस लिस्ट में गाजियाबाद को दो एसीपी मिले हैं। जिसमें दोनों ही पीएसी से जुड़े नाम बताए गए हैं। इसमें एक महिला एसीपी हैं तो दूसरे पुरुष हैं। दोनों ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद भेजे गए हैं। देखना होगा की इन दोनों पर साहब लोग किसपर अधिक भरोसा जताते हैं और कौन इंटरव्यू के बाद सीट के लिए सेट किया जाता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के लिए चर्चा हो रही है कि आने वाले दिनों में क्या सीन बनता है। किसको रिप्लेस किया जाता है और उसको किसको प्लेस मिलेगा। वहीं इसको भी देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले लोकल सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि अब नदिया पार वाले एक एसीपी साहब की रवानगी की आसानी से हो जाएगी। तो वहीं इस लिस्ट में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सिटी जोन पर भी आंशिक प्रभाव पड़ेंगे। इसके साथ ही नदिया पार और देहात वाले जोन में भी इस लिस्ट का कुछ असर देखने को मिलेगा। देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत कुछ चेंज वाली लिस्ट भी आएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सर्किल में बदलाव होने के मामले में इस लिस्ट में महिला एसीपी के नाम पर अभी से मंथन शुरू हो गया है। सूत्र बता रहे हैं कि महिला एसीपी में दो नाम पूर्व और एक नाम नई तैनाती वाली लिस्ट में कुछ बदलाव कराएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो से तीन दिन में लिस्ट आउट कर दी जाएगी। इसको लेकर लगभग चर्चा पूरी हो चुकी है। जिसमें तीनों जोन के डीसीपी की भी राय मांगी गई थी, ऐसी जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है। वहीं सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर सिटी वाले सबसे टेंशन वाले सर्किल में बदलाव हुआ तो वहां किसको और किस आधार पर भेजा जाता है यह भी देखा जाना अहम होगा। वहीं देहात के किस सर्किल में किसको हटाया और किसको मौका दिया जाएगा, यह भी देखना होगा। कुल मिलाकर सूत्र बता रहे हैं कि लिस्ट में आए दोनों ही एसीपी कहीं ना कहीं सेट होंगे, सर्किल में उनके नाम लिखें जाएंगे।



# पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच मुठभेड़: जवाबी फायरिंग में शातिर के पैर में लगी गोली, चोरी के मोबाइल फोन बरामद

● बदमाश के कब्जे से तमंचा कारतूस एक चोरी की मोटरसाइकिल और चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।





**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा की फेस 2 थाना क्षेत्र में तड़के पुलिस और एक बाइक सवार बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से तमंचा कारतूस एक चोरी की मोटरसाइकिल और चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

दरअसल शनिवार तड़के नोएडा की थाना फेस 2 पुलिस याकूबपुर रेड लाइट पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान एक बिना नम्बर की बाईक पर सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो वो नहीं रुका और तेज गति से भागने लगा, शक होने पर पुलिस ने बाइक सवार व्यक्ति का पीछा किया गया तो बाइक सवार ने आगे चलकर गन्दे नाले की सर्विस रोड पर दोनों तरफ से अपने आप को घिरता देख बाइक छोड़कर भागने लगा और उसने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। बदमाश की पहचान सुमित गुप्ता निवासी गड़िया हरदो पट्टी थाना उसैत जिला बदायूं के रूप में हुई है। घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा कारतूस, एक स्पलेण्डर प्लस मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट की व चोरी के 3 स्मार्ट फोन अलग अलग कम्पनी के बरामद हुए हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया।




सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश घायल हुआ है। बदमाश के अपराधिक इतिहास व अन्य जानकारी की जा रही है। इस बदमाश ने एनसीआर क्षेत्र में मोटर साइकिल से लोगो के मोबाइल फोन चोरी की करने की घटनाओं को अन्जाम दिया था।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव-गांव पहुंचे सीडीओ, पानी न बहाने के लिए बोला



**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में सीडीओ हिमांशु गौतम ने सिवाया और नारायणपुर बास्का गांवों में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई गई पाइप पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पानी की आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। सीडीओ ने ग्रामवासियों से जानकारी ली। जिन्होंने बताया कि सुबह और शाम नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है। हालांकि, कुछ घरों में पानी का प्रेशर कम है। इस पर सहायक अभियंता को निर्देश दिए गए कि ऐसे घरों की पहचान कर समस्या का समाधान करें। ताकि हर घर तक पर्याप्त पानी पहुंचे। ग्रामवासियों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा गया कि वे अनावश्यक रूप से पानी न बहाएं। अगर किसी के घर पानी बहता हुआ दिखे, तो उन्हें समझाएं और पानी के महत्व के बारे में बताएं।

नारायणपुर बास्का में निरीक्षण के दौरान देखा गया कि पाइपलाइन बिछाने के बाद मैन रोड पर टाइल्स सही तरीके से नहीं लगाई गई हैं। सीडीओ ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि टाइल्स ठीक से लगाई जाएं। ताकि लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो।

# हिंदू मंदिरों में उपद्रव, मूर्तियां तोड़ीं

## अब तक सांप्रदायिक हिंसा की 44 घटनाएं

**ढाका ।** बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के साथ शुरू हुई हिंसा का भयावह रूप सैकड़ों लोगों के जी का जंजाल बन चुका है। बात अगर सांप्रदायिक हिंसा की करें अब तक 44 ऐसे मामले सामने आ चुके है। वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हाल की घटनाओं में बांग्लादेश के मैमनसिंह और दिनाजपुर में दो दिनों के भीतर तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। इस तोड़फोड़ में आठ मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस ने एक मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।



### दो दिन में दो मंदिरों में तोड़फोड़

बता दें कि मैमनसिंह के हलुआघाट उप-जिले में गुरुवार और शुक्रवार को दो मंदिरों की तीन मूर्तियों को तोड़ा गया। मामले में हलुआघाट पुलिस स्टेशन के अधिकारी अबुल खैर ने बताया कि शुक्रवार की सुबह शाकुई संघ के बोंडेरपारा मंदिर में दो मूर्तियां तोड़ी गईं। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**एक और घटना में अपराधियों ने गुरुवार की सुबह पोलाशकंडा काली मंदिर की एक मूर्ति को तोड़ दिया। पुलिस ने शुक्रवार को पोलाशकांडा गांव के 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने अपराध कबूल किया**

### पोलाशकंडा काली मंदिर में तोड़फोड़

दिनाजपुर के बीरगंज उप-जिले में मंगलवार को झारबारी शासन काली मंदिर में पांच मूर्तियाँ क्षतिग्रस्त कर दी गईं। यह घटना गुरुवार को सामने आई। मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन रॉय ने इसे अभूतपूर्व बताया।

इससे पहले, पिछले सप्ताह उत्तरी बांग्लादेश के सुनामगंज जिले में एक हिंदू मंदिर और समुदाय के घरों और दुकानों में तोड़फोड़ और क्षति पहुंचाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, 29 नवंबर को बांग्लादेश के चटगांव में एक भीड़ ने तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की थी। इस घटना के बाद हिंसा और विरोध प्रदर्शन हुए थे।

# अमेरिका ने सीरिया के नए नेता पर रखा एक करोड़ डॉलर का इनाम वापस लिया, दमिश्क वार्ता के बाद बड़ा फैसला

**वॉशिंगटन ।** सीरिया के नए नेता और हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) समूह के प्रमुख अहमद अल-शरा को पकड़ने के लिए जिस इनाम का अमेरिका ने एलान किया था, उसे वापस ले लिया है। इस बात का खुलासा अमेरिकी राजनयिक बारबरा लीफ ने किया।

दमिश्क में चर्चा के बाद फैसला

बता दें, एक करोड़ डॉलर का इनाम वापस लेने का फैसला दमिश्क में हुई बातचीत के बाद लिया गया, जो राष्ट्रपति बशर अल-असद के इस महीने सत्ता से हटने के बाद से सीरिया में अमेरिकी अधिकारियों का पहला दौरा था। एचटीएस पर जताया विश्वास पूर्वी मामलों की सहायक विदेश मंत्री लीफ ने इस फैसले को उस बैठक के बाद साझा किया, जिसमें उन्होंने अल-शरा (जिन्हें अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है) और सीरिया की संक्रमणकालीन प्रशासन के अन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को



वार्ता के दौरान सकारात्मक संदेश मिले, जिसमें आश्वासन भी शामिल था कि एचटीएस किसी भी आतंकवादी खतरों को रोकेगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारी चर्चा के आधार पर मैंने बताया कि हम एलान किए इनाम को वापस ले रहे हैं।

दमिश्क में हुई चर्चाएं अमेरिका के सीरिया के प्रति राजनैतिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण बदलाव को उजागर करती हैं। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस), जिसने असद को सत्ता से हटाने का अभियान चलाया था, को 2018 में अमेरिकी द्वारा आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, क्योंकि इसके अल-कायदा से संबंध थे। क्या बोलीं लीफ? हालांकि, अब लीफ ने सीरिया के संक्रमणकालीन काल में समावेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'हम एक सीरिया-निर्देशित और सीरिया-स्वामित्व वाले राजनीतिक प्रक्रिया का पूरी तरह समर्थन करते हैं, जो एक समावेशी और प्रतिनिधि सरकार का निर्माण करे, जो सभी सीरियाई नागरिकों के अधिकारों का सम्मान करे, जिसमें महिलाएं और सीरिया के विविध जातीय और धार्मिक समुदाय शामिल हैं।' मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने फिलहाल एचटीएस को आंतकी सूची से नहीं हटाया है। साथ ही यह भी बताया गया कि इनाम वापस लेने का फैसला कोई सीधा सौदा नहीं है, बल्कि यह चर्चा को सुविधाजनक बनाने के लिए है, जो उत्पादक, सुरक्षित और स्थिर सीरिया की ओर बढ़ सकती है।

# नेपाल में भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 4.8 मापी गई तीव्रता

**काठमांडू ।** नेपाल में शनिवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 4.8 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 3:59 बजे आया। भूकंप अक्षांश 29.17 एन और देशांतर 81.59 ई पर 10 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया।




इससे पहले अप्रैल 2023 में दो बार आया था भूकंप नेपाल में इससे पहले अप्रैल 2023 में दो बार भूकंप आया था। एक अप्रैल 2023 को दोखला जिले के सूरी में मध्यम तीवर्ता का भूकंप दर्ज किया गया था। यहां के राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र के अनुसार, काठमांडू से 180 किलोमीटर पूर्व में दोलखा में सुबह 11.27 बजे (स्थानीय समयानुसार) 5.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप के झटके ओखलधुंगा, रमेच्छप, सिंधुपाल चौक और नुवाकोट जिलों के साथ-साथ काठमांडू घाटी में भी महसूस किए गए थे। इसके बाद, 28 अप्रैल 2023 की रात भूकंप के दो बार झटके महसूस किए गए थे। इस बार भूकंप का केंद्र बाजुरा के दाहाकोट में रहा था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.8 और 5.9 तीव्रता रही थी। अप्रैल 2015 में भी 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था अप्रैल 2015 में नेपाल में 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था। इस दौरान लगभग 9,000 लोग मारे गए थे और लगभग 22,000 अन्य घायल हुए थे। इसने 800,000 से अधिक घरों और स्कूल भवनों को नुकसान पहुंचा था।

# बेकाबू कार मामले में पुलिस ने सऊदी अरब के डॉक्टर को दबोचा, इस्लाम का निकला कट्टर आलोचक

**नई दिल्ली ।** जर्मनी में शुक्रवार शाम को एक बेकाबू कार का आतंक देखने को मिला। कार इतनी रफ्तार में थी कि इसने एक बाजार में 68 लोगों को रौंद दिया, जबकि दो की मौत हो गई। हालांकि, जर्मन पुलिस ने इस मामले में सऊदी अरब के 50 वर्षीय डॉक्टर को गिरफ्तार किया है।

### 50 वर्षीय शख्स इस्लाम का आलोचक

आरोपी का नाम तालेब ए है, जो एक पूर्व मुसलमान, इस्लाम का कट्टर आलोचक और जर्मनी के दक्षिणपंथी राजनीतिक दल 'आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' (एफडी) का समर्थक है, जो आप्रवासन विरोधी रुख रखता है। जर्मनी में साल 2006 से रह रहा तालेब 2006 से जर्मनी में रह रहा था और वह मानसिक रोग विशेषज्ञ था।



अधिकारियों के अनुसार, यह हमला अकेले तालेब द्वारा किया गया था। उसने एक बीएमडब्ल्यू कार का इस्तेमाल किया था, जिसे उसने हमले के लिए किराए पर लिया था। तालेब की सोशल मीडिया प्रोफाइल से पता चलता है कि वह सऊदी अरब में रहते हुए अपने नास्तिक विचारों को व्यक्त करने में असमर्थ था, क्योंकि सऊदी अरब में केवल इस्लाम को कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त है। सऊदी अरब को इसलिए छोड़ा तालेब का जन्म 1974 में सऊदी अरब के शहर होफुफ में हुआ था और उन्होंने 2006 में जर्मनी के लिए स्थायी निवास की अनुमति हासिल की थी। उन्हें 2016 में शरणार्थी के रूप में मान्यता दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वह सऊदी अरब में अपने नास्तिक विचारों और दृष्टिकोणों को व्यक्त करने में असमर्थ था, एक ऐसा देश जहां केवल इस्लाम ही एकमात्र धर्म है जिसे कानून के तहत मान्यता प्राप्त है।

उसने जर्मनी आने के बाद एक वेबसाइट बनाई, जिसका उद्देश्य सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के पूर्व मुसलमानों की मदद करना था, ताकि वे इन देशों से भागकर जर्मनी जैसे देशों में शरण ले सकें। हालांकि, सऊदी अरब ने तालेब पर आतंकवाद और मध्य-पूर्व की लड़कियों को यूरोपीय देशों में तस्करी करने का आरोप लगाया था, लेकिन जर्मनी ने उसे सऊदी अरब को प्रत्यर्पित करने से इनकार कर दिया और उसे शरण दी।

**राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख**

प्रधानमंत्री हेसलॉफ ने कहा, 'हमने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। वह सऊदी अरब का एक व्यक्ति है तथा 2006 से जर्मनी में रह रहा है। वर्तमान में हमें पता चला है कि वह अकेला ही हमला करने वाला शख्स था, इसलिए हमें नहीं लगता कि अब कोई और खतरा है

# अमेरिकी मिसाइल के इस्तेमाल से भड़के रूस ने यूक्रेन पर किया हमला, एक की मौत, कई दूतावासों को पहुंचा नुकसान

**कीव ।** यूक्रेन की तरफ से अमेरिकी मिसाइल के इस्तेमाल किए जाने के बाद गुस्साए रूस ने कीव के सैन्य ठिकानों पर हमला कर दिया। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। इतना ही, नहीं कई दूतावासों को भी नुकसान पहुंचा है।

### सुबह-सुबह गूंजा धमाकों से शहर

यह हमला शुक्रवार सुबह करीब सात बजे हुआ, जब रूस ने कीव पर पांच बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से सभी को यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। यूक्रेनी वायु सेना कमान के अनुसार, 40 मानवरहित



विमान (वअश२) को भी नष्ट कर दिया गया और 20 ड्रोन अपने लक्ष्य तक पहुंचने में असफल रहे। हालांकि, गिरते मलबे से लोग घायल हो गए। छोटी दूरी की मिसाइलों से भी हमला यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि उसने रूस की तरफ से दागी गईं छोटी दूरी की पांच इस्कंदर मिसाइलों का भी पता लगाया है। वहीं, हमले के कारण 630 आवासीय भवनों, 16 चिकित्सा सुविधाओं, 30 स्कूलों व किंडरगार्टनों में हीटिंग व्यवस्था ठप हो गई। पांच कारें जलकर खाक कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख सर्गी पोपको ने कहा कि मलबे से कई क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि एक जिले में एक कार्यालय भवन, सड़क की सतह और गैस पाइप को नुकसान पहुंचा और पांच कारें जल गईं। एक अन्य क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत में आग लग गई।

### इन देशों के दूतावासों का पहुंचा नुकसान

यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में अल्बानिया, अर्जेंटीना, फलस्तीन, उत्तर मकेडोनिया, पुर्तगाल और मोंटेनेग्रो सहित कई दूतावासों को नुकसान हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हीओर्ही तिखी ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे बर्बरता करार दिया और कहा कि दूतावासों की खिड़कियां और दरवाजे टूट गए। पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय ने अपने दूतावास में हल्के नुकसान की पुष्टि की और रूस के चार्ज ड'अफेयर को विरोध दर्ज करने के लिए बुलाया।

# राष्ट्रपति दिसानायके-पीएम हरिनी की सीपीपीसीसी उपाध्यक्ष से मुलाकात

**कोलंबो ।** श्रीलंका और चीन ने अरबों डॉलर की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत उच्च गुणवत्ता वाले विकास को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने बीते मंगलवार और बुधवार को चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) के उपाध्यक्ष किन बोयोंग से मुलाकात की।

यह बैठकें दिसानायके की भारत यात्रा के बाद हुईं, जहां उन्होंने भारतीय नेताओं के साथ बातचीत की थी। इस बैठक में, श्रीलंकाई नेताओं ने आर्थिक और सामाजिक विकास में सहायता के लिए चीन का आभार व्यक्त किया। उच्च गुणवत्ता के साथ बीआरआई का



निर्माण करने पर जोर रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'नई सरकार संयुक्त रूप से उच्च गुणवत्ता के साथ बेल्ट एंड रोड का निर्माण करेगी और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करेगी।' उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका एक-चीन सिद्धांत का पालन करेगा और चीन के साथ उच्च स्तर का आदान-प्रदान बनाए रखना चाहता है।

बीआरआई एक मेगा कनेक्टिविटी परियोजना है जो चीन को दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है।

# संयुक्त राष्ट्र ने मनाया विश्व ध्यान दिवस

## आध्यात्मिक गुरु ने कहा- यह सभी धर्मों और समय से परे

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के नेताओं ने आज 21 दिसंबर को न्यूयॉर्क में विश्व ध्यान दिवस मनाया। इस खास मौके पर उन्होंने ध्यान को सभी धर्मों और सीमाओं से परे बताया। उनका कहना है कि मौजूदा समय में जारी संघर्षों और अविश्वास में यह (ध्यान) कूटनीति का एक शक्तिशाली साधन है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने शुक्रवार को पहले विश्व ध्यान दिवस के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिक समाज के सदस्यों के साथ-साथ भारतीय-अमेरिकी प्रवासी भी शामिल हुए।

### श्री श्री रविशंकर ने कार्यक्रम को किया संबोधित

आध्यात्मिक नेता गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ₹आजकल ध्यान कोई



लक्जरी नहीं है बल्कि एक आवश्यकता है। ध्यान एक ऐसी चीज है, जिसे आप कहीं भी लगा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।₹ उन्होंने कहा कि कई लोग जैसे ही ध्यान शब्द सुनते हैं, उन्हें लगता है कि यह अभ्यास या तो किसी धर्म से है या उनके धर्म ने इसे नहीं सिखाया। आध्यात्मिक नेता गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि ध्यान सभी धर्मों और सभी भौगोलिक सीमाओं से परे है, इसलिए यह कई मायनों में बहुत उपयोगी है।

**यूएन महासभा के अध्यक्ष ने भी मनाया विश्व ध्यान दिवस :** यूएन महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ₹ध्यान सभी सीमाओं, परंपराओं और समय से परे है। आज दुनिया में सभी को शांति चाहिए। दुनिया में तनाव के कारण यह जरूरी हो गया है कि हम शांति और शांति लाने वाली हर चीज को अपनाएं।

# गाजा में 14,500 बच्चों की हुई मौत

## बीस लाख से ज्यादा लोग अभी भी फंसे हुए

**गाजा ।** गाजा में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम कर रही संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) की अधिकारी लुईस वाटरिज ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में 20 लाख से ज्यादा लोग अभी भी भयानक परिस्थितियों में फंसे हुए हैं और वो बुनियादी जरूरतों से भी वंचित हैं। वाटरिज ने कहा कि ये लोग गाजा से जाने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे है, जहां हरसंभव रास्ता मौत की तरफ जाता है। यूएनआरडब्ल्यूए ने बताया कि हाल के दिनों में खराब मौसम ने हालात को और बिगाड़ा है।

### गाजा में जरूरी चीजों की सप्लाई बंद

गाजा में जरूरी चीजों की हो रही सप्लाई बीते छह महीने से नहीं पहुंच



सकी है। ऐसे में यूएनआरडब्ल्यूए को लोगों को खाना देने या उन्हें आश्रय देने के विकल्प में से एक चुनना पड़ रहा है। गाजा में यूनिसेफ की मुख्य संचार अधिकारी रोसालिया बोलिन ने कहा कि बच्चों पर युद्ध का गहरा असर हुआ है। बच्चों की पूरी एक पीढ़ी के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन और उनका भविष्य तबाह हुआ है। बोलिन ने गाजा को मानवीय कार्यकताओं के लिए सबसे हृदय विदारक स्थानों में से एक बताया। 14 महीनों से जारी युद्ध में 14,500 से अधिक बच्चों के मारे जाने और हजारों के घायल होने की खबरें हैं।

### युद्ध में 14 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत

यूनिसेफ ने सर्दियों के शुरू होते ही स्थिति के और खराब होने की चेतावनी भी दी। गाजा में बच्चे ठंड की स्थिति में जी रहे हैं, कई अभी भी गर्मियों के कपड़े पहने हुए हैं और नंगे पैर हैं। बोलिन ने कहा कि बच्चे गर्मी के लिए जलाने के लिए मलबे से प्लास्टिक खोज रहे हैं, ताकि गर्म रह सकें। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और अस्पतालों पर चल रहे हमलों के कारण पूरे क्षेत्र में बीमारियां फैल रही हैं। इससे पहले ह्यूमन राइट्स वॉच ने आरोप लगाया था कि इस्राइल गाजा में फलस्तीनियों को साफ पानी नहीं दी।

# एनडीआरएफ गाजियाबाद में हुआ ध्यान शिविर का आयोजन

## मेडिटेशन करने से मन रहता है केंद्रित और मिलती है शांति : प्रवीण कुमार तिवारी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को गाजियाबाद स्थित 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ में पहला विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इसमें गुरू मुनेष सिन्हा द्वारा सामूहिक रूप से योगाभ्यास, कराते हुए सभी जवानों को ध्यान का संदेश दिया गया और सभी को मेडिटेशन के अभ्यास के माध्यम से गहन शांति की अनुभूति कराई गई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को सबसे ज्यादा शांति की आवश्यकता है। ध्यान ही वह माध्यम है, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाएगा और मन में एकाग्रता लाकर सकारात्मकता को बढ़ाएगा। इस खास मौके पर वाहिनी कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी एवं नावा अध्यक्षा 8वीं बटालियन एनडीआरएफ, डा0 अनुपम गौतम के साथ वाहिनी के सभी अधिकारी एवं रैस्कुअर्स ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण भी किया गया। साथ ही गुरूजी ने वाहिनी कैम्पस में तैयार किये गये मियाबाकी फोरेस्ट तथा वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण क्षेत्र का भ्रमण भी किया। प्रवीण कुमार तिवारी, कमाण्डेट 8वीं बटालियन एनडीआरएफ ने इस मौके पर कहा कि हमें प्रतिदिन कम से कम 5 से 10 मिनट तक मेडिटेशन करना चाहिए इससे हमारे मन को केंद्रित करने में मदद मिलती है। यह दिमाग को शांत करने और नकारात्मक भावनाओं को बाहर निकालने में मदद करता है। इससे न केवल तनाव कम होता है बल्कि डयूटी के प्रति फोकस भी बेहतर होता है इसका सबसे बड़ा फायदा मेंटल हेल्थ को बूस्ट करना है। बटालियन कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने गुरूमुनेष सिन्हा को वाहिनी की तरफ से शाल और प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया।





# राणा प्रताप हायर सैकेण्ड्री स्कूल लोहिया नगर में आयोजित विंटर कार्निवाल उत्सव







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सेकेण्ड्री स्कूल में शनिवार को विंटर कार्निवाल और विश्व ध्यान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात अभिभावकों के मनोरंजन के लिए कुछ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और प्रथम-द्वितीय विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। विंटर कार्निवाल का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता, टीम वर्क और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना है। ऐसे आयोजन न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और सहयोग की भावना भी विकसित करते हैं। उसके पश्चात ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यापकों द्वारा सभी आगन्तुकों को ध्यान करवायां गया।

कार्यक्रम में पार्षद कुलदीप त्यागी, राकेश सिक्का, प्रिया रहेजा आदि अतिथिगण उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम शिशोदिया ने ध्यान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान हमारे जीवन में मानसिक शांति और सकारात्मकता लाने का माध्यम है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ध्यान का अभ्यास तनाव को दूर करने और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। यह छात्रों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारी प्रधानाचार्या मेडिटेशन के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है। विश्व मेडिटेशन डे पर प्रधानाचार्या अनेकों वर्कशॉप के आयोजन में मेडिटेशन करा रही हैं। बच्चों एवं अध्यापिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दे रही हैं। मंच का संचालन विद्यालय की छात्रा नेहा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद किया और सभी अतिथिगण को पौधा भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों का योगदान सफल रहा।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में क्रिसमस का जश्न धूमधाम से मनाया गया










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल ने क्रिसमस के पावन पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया। स्कूल में आयोजित जिंगल बेल थीम पर आधारित कार्यक्रम में प्री-नर्सरी, नर्सरी और केजी के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया। प्री-नर्सरी के बच्चों ने 'पिक ऑब्जेक्ट एंड पुट इन द बॉक्स रेस', नर्सरी के बच्चों ने 'हुरडल रेस' और केजी के बच्चों ने 'बॉल इन द कोन रेस' में अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए स्टोरी टेलिंग, मूवी टाइम, ट्रैंपोलिन, जुम्बा और माता-पिता के लिए टग ऑफ वार, पिताओं के लिए स्पून एंड लेमन रेस जैसी कई मजेदार गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कुलपति पीयूष श्रीवास्तव आई.जी पुलिस (से०नि०) एस. डी. जी. आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी रहे।

इस अवसर पर कई अन्य स्कूलों ने भी भाग लिया, जिनमें सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल, नीव दा बिगनिंग महागुण पुरम, किडजी वेव सिटी, किडजी आदित्य वर्ल्ड, संस्कृति वर्ल्ड स्कूल गोविंदपुरम, इवा किड्स शास्त्री नगर, मकून्स करपूरीपुरम, नटखट आदित्य वर्ल्ड, आइकॉन्स आदित्य वर्ल्ड, एमएम प्राइड गोविंदपुरम आदि शामिल थे। पीयूष श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सपना अहलावत जी ने भी इस अवसर पर बच्चों और उनके माता-पिता को बधाई दी और कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव रहा होगा। उन्होंने सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव रहा और उन्होंने इस पावन पर्व को भरपूर उल्लास के साथ मनाया।

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने वार्ड 54 में किया सड़क का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 54 के सेक्टर 3 सद्भावना सोसाइटी की आंतरिक सड़क बनवाने के निर्माण कार्य का पार्षद सतेंदर चौधरी ने उद्घाटन किया गया। पार्षद ने सेक्टरवासियों से कहा कि वे आपके वार्ड में जो भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार होगा, ताकि लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि समय-समय पर सीवरों की साफ-सफाई भी कराई जाती है। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए दिन रात प्रयास कर रहा हूं, हर एक वादा पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। बस थोड़ा धैर्य बना के रखें, जल्द ही वार्ड 54 गड्ढा मुक्त होगा। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छाया भाटी, डा० एसके भाटी, विन्ध्याचल, रविन्द्र भण्डारी, आरपी गुप्ता, अनिल सक्सेना, रमा शंकर तिवारी, नितिन माथुर, प्रियंका त्यागी, सन्ध्या, आनता चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# 'लैंगिक संवेदनशीलता एवं जागरूकता प्रशिक्षण' कार्यक्रम का हुआ आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भागीरथ सेवा संस्थान और भारत की प्रथम रीजनल रेल एनसीईआरटीसी के संयुक्त तत्वावधान में 'लैंगिक संवेदनशीलता एवं जागरूकता प्रशिक्षण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रांट थॉर्नटन और टीसीसी के सहयोग से यह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भागीरथ कैंपस संजय नगर गाजियाबाद के सभागार में संपन्न हुआ। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ, कैमकुस कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन और भागीरथ पब्लिक स्कूल की 100 से ज्यादा छात्राओं ने हिस्सा लिया। ग्रांट थॉर्नटन के पदाधिकारी आशीष कुमार ने मंच का संचालन किया।

जेंडर एक्सपर्ट तारा अपाचे और रिसोर्स पर्सन डॉ. मुक्ता अरोड़ा और माहेश्वरी चौधरी ने 'लैंगिक संवेदनशीलता एवं जागरूकता' जैसे गंभीर विषय पर अपने विचार रखे। भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल ने कार्यक्रम में शामिल छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएं ही आगे चलकर मां के रूप में घर की मुखिया बनती हैं इसीलिए इस विषय की गंभीरता को समझना बालिकाओं के लिए सबसे जरूरी है। लैंगिक अधिकारों, आवश्यकताओं और विचारों के प्रति बालिकाओं को सचेत व जागरूक करने के उद्देश्य से क्विज कंपटीशन, ग्रुप डिस्कशन, एक्सटेंपो और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रत्येक कैटेगरी में फर्स्ट, सेकंड और थर्ड स्थान ग्रहण करने वाली छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाली सभी छात्राओं को सर्टिफिकेट भी दिए गए।

# मोदीनगर तहसील में लोगों ने हिंदू संगठन पदाधिकारियों के साथ किया प्रदर्शन: किशोरी की मौत मामले में केस दर्ज कराने की मांग





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बलवंतपुरा कॉलोनी निवासी किशोरी की हुई मौत के मामले में शनिवार को परिजन के साथ मिलकर लोगों ने हंगामा किया। आरोप है कि दूसरे समुदाय के युवक किशोरी का अपहरण कर ले गए थे। हत्या करने के बाद बाइक को डिवाइडर से टकराया गया।

15 दिसंबर को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर के निकट सड़क पर बलवंतपुरा कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय किशोरी की लाश मिली थी। मौके पर दो युवक भी घायल थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवकों का कहना था कि बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें किशोरी की मौत हो गई थी।

मामले में किशोरी के जीजा की तरफ से दोनों युवकों के खिलाफ अपहरण की धारा और सड़क हादसे में मौत का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शनिवार शाम चार बजे मृतका के परिजन हिंदू संगठन के पदाधिकारियों के साथ पैदल मार्च करते हुए मोदीनगर तहसील में पहुंचे। परिजन ने हाथ में न्याय दो की तख्तियां ले रखी थी। साथ ही बेटी को न्याय दो का बैनर ले रखा था। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभी तहसील सभागार में पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

किशोरी की मां रोते हुए जमीन पर गिर पड़ी। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि आरोपी दूसरे समुदाय से हैं। लेकिन समुदाय छिपाकर आरोपी ने किशोरी से बात शुरू कर दी। मोनू मलिक नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बना रखी है। जबकि असली नाम साहिल खान है। आरोपी जबरन किशोरी को बाइक पर लेकर गया और रास्ते में हत्या कर दी। शव सड़क पर फेंक दिया। हत्या को हादसा दिखाने की कोशिश की।

पुलिस ने केस भी सड़क हादसे में मौत की धारा में दर्ज किया। आरोप लगाया कि दारोगा ने पोस्टमॉर्टम हाउस पर ही जबरन तहरीर लिखवाई थी। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि किशोरी की मौत दिल्ली-मेरठ मार्ग पर डिवाइडर से टकराने से हुई थी।

डिवाइडर व आसपास में खून मिला है। इसलिए सड़क हादसे में मौत की धारा में केस दर्ज किया है। मुकदमे में अपहरण की धाराएं भी शामिल हैं। जिसमें आरोपी मोनू नामजद है। जल्द उसकी गिरफ्तारी होगी।

# स्कूली बच्चों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरापुरम व पुंडरीक फाऊंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत कनावनी गांव के स्कूल में वरूण पुंडीर ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, जैब्रा कार्सिग स्पीड ओवरटेक डिपर लाइट, आदि नियमों की जानकारी देते हुए बच्चों के मनोबल परिक्षाओं का तनाव हटाने के लिए कहा। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा संरक्षक हेमंत कुमार वाजपेयी ने विभिन्न उपाय बताते हुए संगीत गीत गायन का महत्व बताते हुए हो जाओ तैयार साथियों, गीत बच्चों को गाकर सिखाया। 26 जनवरी को होने वाले 7 कन्याओ के कन्यादान महादान कार्यक्रम में आने एवं जरुरत मंद जोड़ी तक संदेश पहुंचाने का आग्रह किया। वही सभी बच्चों को जूस आदि दिया गया। इस अवसर पर मनोज चौहान, विपिन, ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

# शालीमार गार्डन में भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन बी ब्लॉक वार्ड 73 में हर शनिवार को राधा-कृष्ण के नाम पर भंडारे का आयोजन किया गया। जन कल्याण समिति के अध्यक्ष पवन रेड्डी पिछले माह से समिति की ओर से हर शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे है। इस मौके पर वीरेंद्र दीक्षित, मनीष गोयल, माधव सिंह, गौरव, दलबीर सिंह रावत, अशोक भाटी आदि समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# 12 साल से लापता युवक का फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप

**मोदीनगर करंट क्राइम।** कस्बा निवाड़ी के बाद अब भोजपुर के गांव ईसापुर से 12 साल से लापता युवक का फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने का मामला सामने आया है। युवक के चाचा ने एसडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव ईसापुर निवासी मनवीर सिंह ने एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता के कार्यालय में की गई शिकायत में बताया कि उनका भतीजा सोनू लगभग 12 साल पूर्व लापता हो गया था। खोजबीन के बाद सोनू का कोई पता नहीं लगा। आरोप है कि सोनू की बहनों ने उसका फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनाकर पैतृक संपत्ति में अपना नाम दर्ज करा लिया। एसडीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर करते थे ठगी

# 22 पासपोर्ट समेत अन्य सामान बरामद, दो अरेस्ट




### जय अंबे इंटरप्राइजेज के नाम से ऑफिस खोला था

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की थाना कौशांबी पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर भोले भाले लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पॉश इलाके में अपना ऑफिस खोला हुआ था। जिससे लोग आसानी से झांसे में आ जाते थे।

यह लोग अजरबेजान, दुबई, कुवैत, मालदीप आदि देशो में नौकरी दिलाने के नाम पर पासपोर्ट और पैसा जमा करवा लेते थे। अगर कोई ज्यादा प्रेशर डालता था तो उसका फर्जी वीजा और टिकट भी तैयार कर कर दे देते थे। गैंग का मास्टरमाइंड आरोपी एक साल साउथ अफ्रीका में काम कर चुके हैं। गाजियाबाद में एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना कौशांबी पुलिस ने कुशीनगर निवासी मनीष कुमार और गाजियाबाद वैशाली निवासी शाहरुख खान को गिरफ्तार किया है। इन्होंने दिल्ली से सटे पॉश इलाके वैशाली के टावर नंबर ₹3 ्'ङ्क४9 में अपना दफ्तर बनाया हुआ था। जहां यह लोग भोले वाले लोगों से लाखों रुपए लेकर विदेश में नौकरी दिलाने का दावा किया करते थे। इनके कब्जे से ऐसे लोगों के 22 पासपोर्ट दो फर्जी प्रमाण पत्र लैपटॉप 04 मोबाइल और एक स्कूटी बरामद हुई है।

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि उन्होंने जय अंबे इंटरप्राइजेज के नाम से अपना ऑफिस खोला था। वहां नौकरी के नाम पर यह पासपोर्ट और पैसे जमा करवा देते थे अगर कोई ज्यादा प्रेशर बनाता थ था तो यह उसे फर्जी टिकट और वीजा तैयार करवा कर दे देते थे। गैंग का मास्टरमाइंड मनीष कुमार ने 2022 से अप्रैल 2023 तक साउथ अफ्रीका में डायनेमिक कंस्ट्रक्शन में काम करता था। विदेश से लौटने के बाद उसे यह ख्याल आया और इसने शाहरुख के साथ यह काम शुरू कर दिया। पुलिस अब यह पता करने में जुटी है कि इन्होंने कितने लोगों के साथ धोखाधड़ी की है।

# श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार के श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिन भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का आनंद लिया। कथा वाचक पंडित श्रीकांत पांडेय ने मथुरा गमन और रुक्मिणी विवाह की पावन कथाओं वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण के मथुरा गमन की कथा ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। महाराज जी ने बताया कि किस प्रकार भगवान ने मथुरा पहुंचकर कंस के अत्याचारों का अंत किया और धर्म की स्थापना की।

भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी जी के विवाह का प्रसंग अत्यंत रोचक और प्रेरणादायक रहा। महाराज ने बताया कि रुक्मिणी जी ने अपने प्रेम और भक्ति के बल पर भगवान को अपने पति के रूप में प्राप्त किया। यह कथा सिखाती है कि सच्ची निष्ठा और समर्पण से जीवन में सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कथा स्थल पर श्रीकृष्ण और रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।

रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई रुक्मणी ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था। कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। रविवार शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर शिव पांडेय, प्रमोदगुप्ता, पुनीता भटनागर, सुधीर सिंह, राजधारी सिंह, राज किशोर पांडेय, त्रिलोकी सिंह, पं. अशोक शर्मा, वासुदेव शर्मा, दिनेश खुल्बे, सुनीता चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

आज अपनी "वैवाहिक वर्षगांठ " पर आप सभी के आशीर्वाद का अभिलाषी ... 🙏🙏



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 22 दिसंबर की तारीख भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा के लिए खास है। 22 दिसंबर को राजा वर्मा वैवाहिक जीवन के बंधन में बंधे थे। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा की कामना करते हुए उनके सभी समर्थकों शुभचिंतकों परिजनों ने बधाई शुभकामनाएं दी। जीवन की मिठास उल्लास और उमंग का संदेश लिए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।